RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525
वर्ष : 36 | अंक : 245
हिसार | रविवार, 3 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

# पाठकपक्ष

Read, Watch & Subscribe
दैनिक पाठकपक्ष
डिजिटल व प्रिन्ट
SUBSCRIBE
LIKE & SHARE
Facebook.com/PathakPaksh
Youtube/PathakPaksh
M : 98120-32700, 9255273410, 9896472584, 9991610417

# राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत तय, तेलंगाना में कांग्रेस की जीत निश्चित

## राजस्थान में सरकार बदलने का ट्रेंड जारी, कांग्रेस के 18 बड़े मंत्री चल रहे पीछे




**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 3 दिसम्बर :** देश के चार राज्यों में हुए चुनावों के नजीते आज यानि रविवार को दोपहर तक लगभग स्पष्ट हो गए। तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनना लगभग तय सा लग रहा है वहीं तेलंगाना में कांग्रेस ने जीत का बिगुल फूंक दिया है। इस चुनाव में राजस्थान में एक बार फिर हर पांच साल में सरकार बदलने का ट्रेंड जारी रहने की संभावना दिख रही है। राजस्थान में कांग्रेस के 18 बड़े मंत्री पीछे चल रहे हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत की ओर जाती दिख रही है। चुनाव आयोग की वेबसाइट के मुताबिक दोपहर बाद तक भाजपा 112 सीटों पर आगे चल रही थी और कांग्रेस 72 सीटों पर आगे है, वहीं, 15 सीटों पर अन्य उम्मीदवार आगे हैं। एक सीट भारतीय आदिवासी पार्टी ने जीत ली है। वहीं मध्यप्रदेश की बात करें तो दोपहर तक बीजेपी 163 सीटों पर आगे चल रही थी तो कांग्रेस 64 सीटों पर आगे चल रही थी।

छत्तीसगढ़ में 53 पर बीजेपी, कांग्रेस 34 पर आगे चल रही है। तेलंगाना में भाजपा की लगभग हार दिखाई दे रही है यहां कांग्रेस 66, बीआरएस 39 और बीजेपी 9 सीटों पर आगे चल रही है। बता दें कि आज राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों नतीजे घोषित हो रहे हैं. इनमें से तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाती हुई दिख रही है। जबकि तेलंगाना में कांग्रेस ने बीआरएस को पटखनी दी है. छत्तीसगढ़ के नतीजे सबसे ज्यादा चौंकाने वाले हैं, क्योंकि ज्यादातर प्री-पोल और एग्जिट पोल सर्वे में यहां कांग्रेस की वापसी की संभावना जताई गई थी लेकिन वास्तविक नतीजे अब सबके सामने हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव परिणाम वाले दिन ही विपक्षी दलों के नेताओं से फोन के जरिए संपर्क किया और 6 दिसंबर को गठन 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ह्रष्ठ) से मुकाबला करने के लिए किया गया था। इसका गठन जुलाई 2023 में बेंगलुरु में विपक्षी पार्टियों की बैठक के दौरान किया गया था। पिछली विपक्षी बैठक की मेजबानी शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने की थी और इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पांच राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित थे।

## इन सीटों के नतीजे आए

*भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया की हार लगभग तय हो गई है। आमेर सीट पर वे कांग्रेस के प्रशांत शर्मा 7624 वोट से पीछे चल रहे हैं। आखिरी राउंड में करीब 8 हजार वोटों की गिनती बाकी है। बहरोड़ से भाजपा प्रत्याशी जसवंत सिंह यादव जीत गए हैं। उन्हें 69,143 वोट मिले, उनकी जीत का मार्जिन 16,815 रहा। वहीं निर्दलीय बलजीत यादव को 52,328 वोट मिले। कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव 45,601 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। दूदू में बीजेपी प्रत्याशी प्रेमचंद बैरवा जीते। हालांकि आधिकारिक घोषणा बाकी है। 18 राउंड के बाद 32,873 की लीड बैरवा के पास है। अब केवल 13 हजार वोटों की गिनती शेष है, ये वोट भी नागर को मिलेंगे तो वे जीत नहीं पाएंगे। पिंडवाड़ा (सिरोही) सीट से भाजपा के समाराम गरासिया जीत गए हैं। भाजपा के समाराम को 70 हजार 83 वोट मिले, वहीं कांग्रेस कके 56 हजार 917 वोट हासिल हुए। समाराम गरासिया 13 हजार 166 वोट से जीते। चौरासी सीट से भारतीय आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत ने जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा के सुशील कटारा को 69 हजार 166 वोट से हराया है। कटारा को 41 हजार 984 वोट मिले हैं। चुनाव आयोग ने इसकी उनके जीतने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। अजमेर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी अनिता भदेल जीत गई है। उन्हें 71,319 वोट मिले, उनकी जीत का मार्जिन 4446 रहा। वहीं कांग्रेस की द्रोपदी कोली को 66,873 वोट मिले।*

## जानें, राजस्थान में बागियों में कौन आगे

चित्तौड़गढ़ सीट से भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ रहे चंद्रभान सिंह आक्या आगे चल रहे हैं। डीडवाना से भाजपा के बागी यूनुस खान आगे चल रहे हैं। शिव सीट से भाजपा के बागी रविंद्र सिंह भाटी भी आगे चल रहे हैं। खींवसर से आरएलपी संयोजक हनुमान बेनीवाल 352 वोट से आगे चल रहे हैं। राजस्थान में भाजपा की जीत तय लग रही है।

## मोदी के प्रभावशाली व्यक्तित्व और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण भाजपा को तीन राज्यों में शानदार विजय हासिल हुई : सीएम मनोहर



**हिसार।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भाजपा की सफलता पर कहा है कि यह जनता द्वारा दिया गया मैंडेट है और मैं इसका स्वागत करता हूं। इन तीनों राज्यों में जनता का चयन बिल्कुल सही है और मैं मतदाताओं को बधाई देता हूं। पन्ना प्रमुख संगठन केंद्र सरकार की नीतियां और विकास कार्यों पर जनता ने मुहर लगा दी है। फ्री की चीजों को जनता ने नकार दिया है। इन नतीजों का असर 2024 के लोकसभा चुनाव में भी दिखेगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने भी भाजपा की जीत को एतिहासिक बताया है और इसे नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम बताया है। प्रधानमंत्री ने गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान से देश के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने दावा किया कि 2024 में तीसरी बार मोदी की सरकार बनेगी। केंद्र की तर्ज पर ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनता के वेलफेयर का काम कर रहे हैं और यहां भी भाजपा को जनता फिर से लाएगी।

## राजस्थान सीएम दावेदार दिया कुमारी ने टेका मंदिर में माथा



1. वसुंधरा राजे : धौलपुर के पूर्व राजपरिवार की वसुंधरा राजे ग्वालियर के सिंधिया राजघराने की बेटी हैं। उनकी मां स्व.विजयाराजे सिंधिया जनसंघ और भाजपा का प्रमुख चेहरा थीं। उनकी बहन यशोधरा राजे सिंधिया मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उनके भतीजे हैं। झालरापाटन से चुनावी मैदान में राजे 51,484 वोटों से लीड बनाए हुए हैं।
2. दीया कुमारीः वे इससे पहले सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी हैं। जयपुर पूर्व राजघराने की राजमाता स्व. गायत्री देवी भी दो बार सांसद रह चुकी हैं। दीया के पिता स्व. भवानी सिंह ने भी चुनाव लड़ा था। दीया जयपुर की विद्याधर नगर सीट से करीब 61,156 वोटों से आगे हैं।
3. सिद्धि कुमारी ‑ 25 वर्षों तक बीकानेर के सांसद रहे पूर्व महाराजा स्व. करणी सिंह की पोती पूर्व राजकुमारी सिद्धि कुमारी लगातार 3 बार से भाजपा विधायक हैं और अब एक बार फिर से वे बीकानेर पूर्व से मैदान में हैं। वे 9,522 वोटों से आगे हैं।
4. विश्वराज सिंह : उदयपुर का पूर्व राजपरिवार भी 25 साल बाद चुनाव मैदान में है। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ नाथद्वारा से पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। विश्वराज सिंह` BJP के प्रत्याशी हैं। करीब तीन दशक पूर्व विश्वराज सिंह के पिता महेंद्र सिंह राजनीति में सक्रिय थे। विश्वराज सिंह विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के सामने चुनाव में उतरे हैं। वे 5,103 वोटों से लीड बनाए हुए हैं।
5. कल्पना देवी‑ कोटा के पूर्व राजपरिवार की सदस्य कल्पना देवी लाडपुरा से मौजूदा विधायक हैं और एक बार फिर मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस ने नईमुद्दीन गुड्डू को उतारा है। कल्पना देवी 25,842 वोटों से आगे चल रही हैं।
6. विश्वेंद्र सिंह ‑ भरतपुर के पूर्व राजघराने के हैं। डीग- कुम्हेर से कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री रहे विश्वेंद्र सिंह, तीन बार विधायक और तीन बार सांसद रहे। विश्वेंद्र 896 वोटों से पीछे चल रहे हैं।

## मोदी फैक्टर कर गया काम : गृह मंत्री अनिल विज



भाजपा की इस जीत में सभी का मिलाजुला प्रयास, मगर रहनुमाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं तो जीत को ÷मोदी फैक्टर÷ भी कहा जाएगा ‑ अनिल विज हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत की सभी को बधाई देते हुए कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को जीत दिलाकर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों पर स्वीकारोत्ति की मोहर लगा दी है। आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री विज ने कहा कि यह जीत केवल तीन प्रदेशों की नहीं बल्कि सारे देश की बात है कि लोग आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस जीत में सभी का मिला-जुला प्रयास है, मगर रहनुमाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे है तो इसलिए इस जीत को इसलिए इस जीत को ÷मोदी फैक्टर÷ ही कहा जाएगा।

GH गुप्ता हस्पताल
NABH
नजदीक अनाज मण्डी, सैक्टर-14, सिरसा रोड़, हिसार-125001 (हरि.)
डॉ. नकुल गुप्ता
MBBS, MD, (Medicine)
भूतपूर्व कंसल्टेन्टः गंगाराम हस्पताल, दिल्ली
ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय, पेट रोग, लीवर, साँस, दमा, गठिया व जोड़, नींद ना आना, डिप्रैशन, सिर दर्द, घबराहट दौरे, शराब एवं HIV / AIDS रोग विशेषज्ञ
ECHS, हरियाणा सरकार
आयुष्मान व अन्य T.P.A. के पैनल पर
यहां बीपीएल कार्ड धारकों, विधवाओं, गरीब व्यक्ति, आर्मी कर्मियों व आयुष्मान कार्ड वालों के लिए निःशुल्क परामर्श आजीवन उपलब्ध है
फोन: 92543-78993, 86073-16964

BUILDMART
FOUNDATION TO FINISHING
BAGLA ROAD, HISAR - 125001, HARYANA
A LEADING COMPANY IN BUILDING CONSTRUCTION MATERIAL
REQUIRED MARKETING STAFF.
MARKETING EXICUTIVES :- 05
MINIMUM QUALIFICATION :- MBA OR GRADUATION
CALL OR SEND YOUR RESUME ON :- 8289091834.
E-MAIL :- buildmartmkt@gmail.com
ADDRESS :- BUILDMART BAGLA ROAD, HISAR.

## आढ़ती, किसान, कामगार विरोधी गठबंधन सरकार : कुमारी सैलजा

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 3 दिसंबर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं हरियाणा की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पूरी तरह से आढ़ती, किसान व कामगार की विरोधी है। इन तीनों वर्गों को परेशान करने के लिए बार-बार कोई न कोई नया हथकंडा तलाशना प्रदेश सरकार की आदत में शुमार हो चुका है। किसानों को बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा व फसल बीमा के क्लेम दिलाने में विफल रहने वाली सरकार आढ़तियों का कमीशन रोके हुए है, जबकि कामगारों की मजदूरी भी जारी नहीं कर रही। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में धान की सरकारी खरीद 20-25 दिन पहले बंद हो चुकी है। इसके बावजूद आढ़ती अपने कमीशन के लिए सरकार की ओर टकटकी लगाए हुए हैं, तो धान की सफाई से लेकर लोडिंग-अनलोडिंग करवाने में पसीना बहाने वाले कामगारों की आंखें मजदूरी मिलने की आस में पथराने लगी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर आढ़तियों के 267 करोड़ रुपये से अधिक और कामगारों के 215 करोड़ रुपये बकाया है। प्रदेश सरकार से जब-जब यह राशि मांगी गई तो कहा गया कि धान खरीद खत्म होते ही भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब सभी आढ़तियों व कामगारों को 48 घंटे के अंदर उनकी बकाया राशि का ब्याज सहित भुगतान किया जाना चाहिए।

# सम्पादकीय..........

## अगर सेहतमंद रहना है, तो योग को बढ़ाना होगा

आज जब पूरी दुनिया योग या योग की तैयारी में लगी है, तब पुरातन भारतीय विज्ञान स्वयं ही अपनी सार्थकता सिद्ध कर रहा है। सिद्धांततः विज्ञान ने इस बात को मान लिया है कि योग से कम से कम 10 लाभ होते हैं और इससे आयु में भी बढ़ोतरी होती है। लेकिन स्वयं भारत में योग करने वालों की संख्या आशा के अनुरूप नहीं है। सरकार के नियंत्रित मधुमेह कार्यक्रम के तहत दो साल पहले एक सर्वे हुआ था, जिसमें 1,62,××0 लोगों ने हिस्सा लिया था, उसमें से योग करने वाले 12 प्रतिशत भी नहीं थे। दूसरी ओर, आधिकारिक आंकड़े के अनुसार, हर दसवां अमेरिकी योग करने लगा है। 2012 और 2017 के बीच अमेरिका में योगाभ्यास करने वाले वयस्कों का प्रतिशत 9.5 प्रतिशत से बढ़कर 14.× प्रतिशत और ब'चों में ×.1 प्रतिशत से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गया। योग की लोकप्रियता बढ़ी है, तभी तो इस बार योग दिवस से पहले ही अमेरिकियों में योग करने की होड़ मची है। यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन के निदेशक डॉक्टर सेथुरमन पंचनाथन ने कहा कि योग दुनिया को भारत का सबसे बड़ा उपहार है। गौर करने की बात है कि भारत में स्थानीय स्तर पर जब योग अभियान जोर पकड़ रहे थे, जब लोग उसके मूल्य को समझने लगे थे, तब अमेरिका में साल 2012 के राष्ट्रीय स्वास्थ्य साक्षात्कार सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 94 प्रतिशत लोगों ने स्वास्थ्य कारणों से योग को अपना लिया था। अभी भी 'यादातर लोग मधुमेह या रक्तचाप के बाद ही योग को तरजीह देते हैं। खैर, अमेरिका योग के मामले में दुनिया का सबसे बेहतर देश है। पिछले दशक में वहां योग करने वालों की तादाद दोगुनी हो गई है। सवा अरब से 'यादा लोगों के भारत में कितने लोग योग करते हैं, यह अभी गिना नहीं गया है, लेकिन अमेरिका में ×.60 करोड़ लोग नियमित योग करने लगे हैं। अमेरिका के योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस साल दुनिया भर में लगभग ×0 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार से योग करने लगेंगे। भारत का आंकड़ा स्पष्ट नहीं है, लेकिन अमेरिका में योग करने वालों में 72 प्रतिशत महिलाएं या लड़कियां हैं। क्या पुरुष योग या स्वास्थ्य को लेकर सजग नहीं हैं? अभी कल ही पुरुषों का स्वास्थ्य सप्ताह बीता है और पुरुषों में विशेष रूप से तनाव देखा जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि पुरुष अपनी मानसिक परेशानी को साझा करने से बचते हैं। हमारा समाज ऐसा है, जहां पुरुषों से रोने या शिकायत करने की उम्मीद नहीं की जाती है। वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि आठ में से एक व्यक्ति मानसिक विकार के साथ ही जीता है। यह दो दशक में वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य की सबसे बड़ी समीक्षा है। रिपोर्ट के अनुसार, महामारी के पहले वर्ष के दौरान चिंता और अवसाद, दोनों में वृद्धि 25 प्रतिशत से अधिक थी। मानसिक उपचार में योगाभ्यास बहुत कारगर साबित हो सकता है। वैसे यह सच है कि हम मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से नहीं लेते हैं। कम आय वाले दो-तिहाई देशों ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को शामिल ही नहीं किया है। 'यादातर एलोपैथिक चिकित्सकों ने मरीजों की मानसिक स्थिति और योग को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया है। क्या ऐसा इसलिए है, क्योंकि योग का उद्योग असंगठित है? बेशक, अगर सेहतमंद रहना है, तो योग के आधिकारिक अध्ययन व क्रियान्वयन को बढ़ाना होगा।

## दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है सड़कों पर अतिक्रमण- चिंता का विषय

-पाठकपक्ष डेस्क-

जहां एक और भारत सरकार द्वारा सड़कों और मार्गो की समुचित व्यवस्था करके भारत के गांवों को शहरों के साथ जोड़ा है वहीं दूसरी और एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने की दूरी में बहुत कमी आई है। यह भारत सरकार की सकारात्मक सोच के साथ भारत के विकास की और एक नई भोर का प्रारम्भ मात्र है। इसी प्रकार भारत के अनेक राज्यों में भी शहर और गांव में सड़कों का ऐसा जाल बिछ गया है जिसने मनुष्य के जीवन में विकास को गति प्रदान की है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय मार्गो पर अलग से सर्विस लाइन बनाकर जन सुविधाओं में विशेष बढ़ोतरी की है।

जहां मानव कल्याण के लिए सरकार द्वारा विस्तृत मार्गो की अनेक सुविधाएं प्रदान की गई हैं वहीं दूसरी और कुछ लोगों ने अपने निजी लाभ के लिए इन सड़कों का अतिक्रमण करके अन्य लोगों को इन सुविधाओं से वंचित करके रख दिया है। यद्यपि नैतिकता और सामाजिकता के साथ साथ सड़क सुरक्षा नियमों और विधि अनुसार सड़क के दोनों और अतिक्रमण नहीं होना चाहिए तथापि ऐसा हो रहा है। फुटपाथ केवल पैदल यात्रियों के लिए आरक्षित होता लेकिन इसका प्रयोग पैदल यात्री नहीं कर पाते क्योंकि वहां पर अनधिकृत रूप से अनेक प्रकार का सामान बेचने वाले कब्ज़ा कर लेते हैं। इतना ही नहीं सड़क पर सफ़ेद पट्टी से किनारे का स्थान दोपहिया वाहन चालकों के लिए होता है वहां तक बेचने वाले अपने साधन को अड़ा देते हैं। इनमें मुख्य रूप से ऑटो रिक्शा, रेहड़ी, बीड़ी सिगरेट, खाद्य पदार्थ बेचने वाले और अन्य साज सज्जा के साथ साथ अनेक विक्रेताओं के एजेंट होते हैं। इन सड़कों के अतिक्रमण के कारण ही अनेक सड़क दुर्घटनाएं भी होती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार यदि हम भारत की राजधानी दिल्ली की बात करें तो फुटपाथों पर हुए कब्जों के कारण पैदल यात्री सड़कों पर चलने को विवश हो जाते हैं और मृत्यु को प्राप्त होते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 31 मई तक 205 प्राणघाती सड़क दुर्घटनाओं में 206 राहगीरों की मृत्यु हुई। वहीं, पिछले वर्ष 497 प्राणघाती सड़क दुर्घटनाओं में 504 पैदल चलने वाले लोग मारे गए थे। रिपोर्ट के अनुसार सड़कों पर पैदल चलने वाले जितने भी लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौतें हुई हैं। इनमें कुछ सड़क पार करते हुए तो कुछ सड़क किनारे चलते हुए मारे गए। इनमें से काफी संख्या ऐसे लोगों की थी। जो फुटपाथों पर अतिक्रमण होने की वजह से सड़कों पर चलने को मजबूर हुए। यहां उन्हें किसी न किसी गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। ऐसे में पूरे भारत में फुटपाथों को पैदल यात्रियों के चलने के लिए साफ होना ही चाहिए। लगभग सभी शहरों में अनाज मंडी, सब्जी मंडी आदि की व्यवस्था है तो ऐसे में शहरों और गांवों में सड़क किनारे खड़े विक्रेताओं को स्वयं नैतिकता के आधार पर नियमानुसार केवल और केवल निर्धारित स्थानों पर ही अपना सामान बेचने जाना चाहिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। दूसरी और सरकार को कठोर नियमों का पालन करने की आवश्यकता है। **- डॉ. अशोक कुमार**


WORK FROM PHONE

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :

7027924000

नंद किशौर चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)

हिसार, हांसी से वृंदावन-मथुरा धार्मिक बस यात्रा

यात्रा आरम्भ 14 दिसंबर 2023

यात्रा वापसी 18 दिसंबर 2023

यात्रा शुल्क 1800 रु आना जाना दो रात रुकना

सांय 10:00 बजे

ऑटो-रिक्शा व अन्य टिकट यात्री को स्वय देना होगा

नोट : 5 साल से ज्यादा उम्र के बच्चे का पुरा किराया लगेगा।

अभी कॉल करें : 9467158925, 9017983609


# आनंद की राह में बाधा यह संसार नहीं, बल्कि घोर सांसारिक वृत्ति है

**अध्यात्म**

यक्ति का मूल स्वभाव ही नहीं, जीवन का अंतिम लक्ष्य भी आनंद ही होता है। इसके लिए मोक्ष अथवा मुक्ति अनिवार्य है। प्रश्न उठता है, किससे मुक्ति/ ऐसी अवस्था से मुक्ति जो आनंद में बाधक हो। हमारे आनंद में बाधक कौन है/ कहते हैं कि यह संसार ही आनंद प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा है। अब संसार से तो जीते जी मुक्ति संभव नहीं। तो क्या मान लिया जाए कि जीते जी आनंद संभव नहीं/ ऐसा नहीं है। वास्तव में यह संसार किसी के आनंद में बाधा नहीं बनता। वास्तविक बाधा कोई है तो वह है हमारी घोर सांसारिक वृत्ति। हमारे जो विकार हैं अथवा हमारी जो नकारात्मकता है, वही सबसे बड़ी बाधा है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ पाना चाहते हैं, सबसे आगे निकलना चाहते हैं। यहां तक भी कुछ-कुछ ठीक है। समस्या तब भयावह हो जाती है जब हम दूसरों को कुचलकर या पीछे धकेलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। जो कुछ हम पाना चाहते हैं उसके लिए जो कुछ खोना पड़ता है, वही हमारे आनंद की प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा है। कुछ लोग आनंद की खोज में घर-बार छोड़कर संन्यासी हो जाते हैं। एक संन्यासी भी आनंद की कामना ही करता है। सबसे पहले वह अपने प्रचलित सांसारिक नाम का त्याग कर नया नाम पाता है और बन जाता है शिवानंद, रामानंद, सच्चिदानंद, नित्यानंद, चिन्मयानंद अथवा निरंजनानंद। अब इन नामों का अवलोकन कीजिए। नाम के अंत में जो शब्द या उत्तरपद जुड़ा है वह है 'आनंद'। ऊपरी तौर पर पता चलता है कि अब से इनके जीवन का परम लक्ष्य आनंद की खोज ही हो गया है। पर क्या यह खोज संन्यास लेने अथवा गृहत्याग के उपरांत ही प्रारंभ होती है/ वास्तव में यह खोज उसी दिन प्रारंभ हो जाती है, जिस दिन कोई स्वयं को बदलने का फैसला कर लेता है। इसके लिए संसार को छोड़ना नहीं, अपितु मन को बदलना पड़ता है। मन को सकारात्मकता से आप्लावित करना पड़ता है। हम प्रायः दो परस्पर विपरीत स्थितियों से जूझते रहते हैं। हम केवल सुखों की कामना करते हैं और दुखों को किसी भी कीमत पर स्वीकार करना नहीं चाहते। यह असंभव है। इसी असंभव की कामना जीवन में तनाव उत्पन्न करती है जो आनंद की प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा है। यदि हम सुख और दुख दोनों ही स्थितियों को स्वाभाविक रूप से स्वीकार कर लें तो तनाव से बचते हुए दुखों से उबरकर सुखों का आनंद उठा सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार से घर-बार छोड़ना अथवा कपड़ों का रंग या पूर्व नाम बदलना अपेक्षित नहीं। यदि हम गृहस्थ जीवन में निष्काम कर्म व निस्स्वार्थ सेवा का आदर्श अपना लें तो इससे भी कम आनंद की प्राप्ति नहीं होगी। आनंद की प्राप्ति के लिए किसी आडंबर की नहीं अपितु संतुलन व ठहराव द्वारा मन के रूपांतरण की आवश्यकता है।

# हमारे कर्म व व्यवहार का आधार हमारी वृत्तियां होती हैं प्रवृत्ति को बदलने के लिए अपनी वृत्तियों पर काम करें

-पाठकपक्ष डेस्क-



कहा गया है कि जैसी वृत्ति होती है,वैसी ही प्रवृत्ति होती है, प्रवृत्ति अर्थात कर्म और व्यवहार,हम जो कुछ भी सोचते, और करते हैं,वह हमारी वृत्तियों पर निर्भर करता है। वृत्ति शब्द वृत से बना है, सर्कल, जो बार बार रिपीट होता है, उससे आया है। हमारी वृतियां, हमारी मान्यताओं, मूल्यों और विश्वासों से बनती है जैसे कि हम जीवन से चाहते क्या हैं, मतलब इच्छाएं,हम किस को महत्व देते हैं मतलब हमारी वैल्यूज़ और हम किसे सच और किसे झूठ मानते हैं । वृत्तियां हमारे अंतर्मन की सरंचना से तरंगों के रूप में निरंतर बहती रहती है, जिसे वाईब्रेशंस कहते हैं, इनसे फिर हमारे संकल्प और विचार आते हैं, उनसे फिर भावनाओं का उद्भव होता है, विचार और भावनाएं हमें कर्म में प्रवृत्त करते हैं, उनसे फिर आदतें और हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। इसलिए अपने आप को और दूसरे को बदलना इतना मुश्किल है क्योंकि बिना वृत्तियों को परिवर्तित किए, प्रवृत्ति को नहीं बदला जा सकता। सच्चा साधक अपनी वृतियों पर काम करता है। राम कृष्ण परमहंस दक्षिणेश्वर में मां काली के मंदिर के मुख्य पुजारी थे। एक बार जब मां काली की महापूजा का आयोजन हुआ,दूर दूर से लोग आएं। पूजा के बाद भोग का वितरण हुआ,जब सब श्रद्धालु अपने अपने घर लौट गए, तब स्वामी रामकृष्ण उठे और लोगों की झूठी पत्तलों को उठा उठा कर एक जगह एकत्र करने लगे। यह देखकर मंदिर के पंडित और उनके शिष्य दौड़े दौड़े उनके पास आए और कहने लगे, भगवन! ये आप क्या कर रहे हैं? कैसा पाप बढ़वाते है? ये सब करने के लिए मजदूर और सेवक भी तो है,आप उनसे कहिए! रामकृष्ण परमहंस बोले, मैं केवल झूठी पत्तलों को ही उठा कर नहीं फेंक रहा हूं, मैं तो अपने अहंकार को उठा कर फेंक रहा हूं। भगवान की तरफ जाने वाली सीढियां विनम्रता के ही रास्ते से जाती है, जो विनम्रता और निरहंकारिता की साधना कर लेते हैं,मां काली उनके हृदय में निवास करती है। **-डॉ. कमलेश कली**

# कृष्ण बने रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के उपप्रधान

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 3 दिसम्बर :** हिसार के सेक्टर 33 की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक एसोसिएशन के प्रधान धर्मवीर पान्नू की अध्यक्षता में हुई । एसोसिएशन के सचिव सरदार बलविंद्र सिंह ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कृष्ण बिश्नोई को एसोसिएशन का उप प्रधान मनोनीत किया गया। प्रधान धर्मवीर पान्नू ने बताया कि कृष्ण बिश्नोई जी एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता है व पिछले काफ़ी समय से सेक्टर की समस्याओं के समाधान में अपना योगदान देते आ रहे है । आपके अनुभव का लाभ एसोसिएशन को मिलेगा व एसोसिएशन और अधिक मज़बूती से सेक्टर की समस्याओं का समाधान करवायेगी । इस अवसर पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राकेश पान्नू ने कहा कि कृष्ण बिश्नोई के शामिल होने से एसोसिएशन को बल मिला है । आप पहले भी अपने प्रभाव से सेक्टर के विकास कार्यो को गति प्रदान करते रहे है। कृष्ण बिश्नोई ने अपने मनोनयन पर पूरी कार्यकारिणी को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे सेक्टर की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे व सेक्टर का विकास करवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे । बैठक में सेक्टर में चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई । सेक्टर में कम्युनिटी सेंटर व बिजली घर बनाने और पार्को के विकास के लिए एसोसिएशन शीघ्र ही अधिकारियों से बैठक करेगी । साथ ही चल रहे विकास कार्यों को भी और गति प्रदान की जायेगी। बैठक में प्रधान धर्मवीर पान्नू ,सचिव सरदार बलविंद्र सिंह ,कोषाध्यक्ष राकेश पान्नू, उप प्रधान अशोक भूटानी, सहसचिव डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई , सदस्य धर्मपाल कसवा, रत्नलाल श्योकंद, रामकुमार सांगवाल, डॉ. केएस नेहरा , पुष्पा वर्मा, प्रो निहारिका सिंह, जगदीश गोदारा, लक्ष्मी नारायण, आलोक जैन, पृथ्वी सिंह गिल्ला, जयवीर घनघस उपस्थित थे।

# बच्चों ने अच्छी आदतों पर किया ध्यान आकर्षित

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 3 दिसम्बर :** न्यू इंडिया कान्वेन्ट स्कूल मे शनिवार को विभिन्न संसाधान बचाने पर नन्हें मुन्नों की अलग अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी के बच्चों ने 'अच्छी आदतें' व कक्षा 'केजी द्वितीय' के विद्यार्थियों ने 'पेड़ बचाओ जीवन बचाओ' विषय पर अपने विचार रखें। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल निर्देशिका निर्मला शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि छोटे बच्चे है क्या सिख पाएंगे बल्कि स्कूल के इस प्रकार के कार्यकर्म बच्चों ज्ञान के साथ ऊर्जा व आत्म विश्वास का संचार करते हैं। प्रतियोगिता के दौरान छोटे छोटे बच्चों की अभिव्यक्ति बड़े वक्ताओं पर भारी रही। विषयानुगत परिधानों व नारे लिखी पट्टियों से सुसज्जित विद्यार्थियों का जोश देखते ही बनता था। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर कक्षा नर्सरी में दिनल, तनिष्क व भावेश विजेता रहे, वहीं केजी द्वितीय में दिशा, रेयांश, दिव्यनशी, सविना व सोनिया विजेता रही। स्कूल प्राचार्या कला बिश्नोई व निर्देशिका निर्मला शर्मा ने कक्षा अनुरूप विजेताओं को सम्मानित किया।

# सुण मौल्लड़ की



इण्डिया गठबन्धन के 28 दलों की चौथी बैठक 6 दिसम्बर को दिल्ली मैं।

लोकतंत्र म्ह मजबूत विपक्ष का होणा जरूरी सै।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** लोग साजिश में फंसाने का प्रयास करेंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। विषमय परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। काली माता की पूजा करें।

**वृषभ :** अटके काम आसानी से पूरे होंगे। अनुभवी लोगों का साथ तरक्की में सहायक होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आपको नए साधन प्राप्त होंगे। उलझे हुए मामले सुलझा लेंगे। लेन-देन के मामले सुलझने से राहत मिलेगी।

**कर्क :** जल्दबाजी करने से बचें। मित्रों का साथ खुशी देगा। निजी संबंधों में मधुरता बढ़ने से प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह :** विरोधी खुलकर आलोचना करेंगे। मामुली गलती से बड़ा नुकसान हो सकता है। मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। भगवान विष्णु की पूजा करें।

**कन्या :** भौतिक सुख सुविधाओं पर खर्च संभव है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। कार्य चेतन में वर्च्सव बढ़ेगा।

**तुला :** कार्य विस्तार की योजना बन सकती है। व्यक्तित्व आकर्षण बना रहेगा। बिखरे कार्यों को समेटने में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** सामाजिक कार्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। युवाओं को मनचाहा काम मिलने से खुशी होगी। सफलता की राह में आ रही रुकावट दूर होगी।

**धनु :** जिन लोगों पर भरोसा कर रहे हैं वो धोखा दे सकते हैं। लोग सहज बात का गलत मतलब निकाल लेंगे। काम की गति धीमी होने से परेशानी होगी। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**मकर :** जीवनसाथी के साथ। संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। कारोबारी मामले में पक्ष मजबूत होगा। विदेश यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कुंभ :** मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। व्यर्थ के झगड़े तनाव का कारण बन सकते हैं। कोर्ट कचहरी के मामलों में सावधानी रखें। भगवान कृष्ण की पूजा करें।

**मीन :** नई योजनाओं की शुरुआत लाभकारी रहेगी। सकारात्मक सोच लक्ष्य प्राप्ति में सहायक रहेगी। सूझ-बूझ से कोई भी फैसला लें, राह आसान होगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## कर्म का मर्म

# फकीर के सवाल

औरंगाबाद में सोलहवीं शताब्दी में अमृतराय नामक एक संत कवि हुए थे। 'वैराग्य भाग्या सारखे भाग्य नाहीं' उनके द्वारा रचित एक पद की लोकप्रिय कड़ी है। एक फकीर को उनका यह पद बड़ा प्रिय था। एक दिन उसके मन में शंका उठी कि क्या इसका रचयिता सचमुच वैरागी होगा/ शंका का निराकरण करने के लिए फकीर अमृतराय के पास पहुंचा। उसने उनसे प्रश्न किया, 'वैराग्य भाग्या सारखे भाग्य नाहीं' वाला पद आपका ही है न/' 'हां', अमृतराय ने शांत स्वर में जवाब दिया।' 'महाराज, क्षमा करें। मैंने पाया कि 'परोपदेशे पांडित्यम्' की कहावत आप पर सर्वथा लागू होती है। अब देखिए न, एक ओर तो आपने सारे सांसारिक सुख भोग लिए, दूसरी ओर लोगों को वैराग्य का उपदेश करते हैं।' 'इसमें आश्चर्य की क्या बात/', संत ने जवाब दिया, 'यह तो देह-प्रारब्ध है।' 'ठीक है, यह देह-प्रारब्ध है, तो क्या आप मेरे साथ वन चलेंगे/', फकीर ने पूछा। 'अवश्य', संत ने जवाब दिया। फिर फकीर सचमुच उन्हें जंगल में ले गया। जंगल में एक बड़े वृक्ष के पास आकर वह रुक गया और संत से बोला कि वृक्ष के नीचे विश्राम करेंगे। फिर वह उनसे बोला, 'मैं भोजन के लिए भीख मांगकर लाता हूं। तब तक आप यहीं विश्राम कीजिए।' और वह समीप के गांव की ओर चल पड़ा।



अमृतराय का एक शिष्य ऊंचे ओहदे पर था। संयोग से वह उसी गांव को जा रहा था कि उसे वृक्ष के नीचे संत दिखाई दिए। वह रुक गया और सेवकों से गद्दी और भोजन की व्यवस्था करने का आदेश दिया। जब फकीर भिक्षा लेकर वापस आया तो अमृतराय को गद्दी पर आराम करते पाया। वही धनिक शिष्य उनके पैर दबा रहा था। फकीर ने यह देखा तो उसे अमृतराय के 'देह-प्रारब्ध' तत्त्वज्ञान की प्रतीति हो गई। वह उनके पैरों पर गिर पड़ा और बोला, 'आपको पहचानने में मुझसे बड़ी भूल हुई। मैंने आप पर व्यर्थ ही अविश्वास किया।'


DHANWANTARI Ayurvedic Centre

स्वस्थ भारत अभियान

- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant

शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श

शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है

डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रह्मास्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज

बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।

गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।

इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।

अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें

हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।

M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road, Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम || Lovely Salon Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम muse-II

Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# किसानों के लिए संजीवनी बनी पीएम किसान सम्मान निधि योजना : डिप्टी स्पीकर

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीसरे दिन गांव सीसवाल, मोहबतपुर, संदलाणा, खरकड़ा, मंगाली आकलान तथा नलवा में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा तीसरे दिन शनिवार को गांव सीसवाल, मोहबतपुर, संदलाणा, खरकड़ा, मंगाली आकलान तथा नलवा में पहुंची। यात्रा के तीसरे दिन गांव नलवा में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, गांव सीसवाल में वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई, गांव सदलाणा व खरकड़ा में सीमा गैबीपुर, मंगाली आकलान में संजीव गंगवा तथा मोहबतपुर में जितेंद्र पाहवा ने यात्रा में पहुंचकर जनहित में प्रदत्त सेवाओं का अवलोकन किया और लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

गांव नलवा में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार प्रदेश में अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी समाज के वंचित व अंतिम वर्ग तक पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की। डिप्टी स्पीकर को गांव नलवा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में



उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि यात्रा के तहत हर व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यात्रा देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। हरियाणा में इस यात्रा के दौरान प्रदेशभर में अनेक वाहन चल रहे हैं, जो एक दिन में 6 गांवों को कवर कर रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार ने हमेशा किसान, महिला, युवा व गरीब वर्ग का ध्यान रखा है। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि इस यात्रा के दौरान प्रदेश भर में 57 रथ चल रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों व आमजन को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। विशेष प्रचार वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाने के साथ-साथ आमजन को शपथ भी दिलवाई गई। इस दौरान विभिन्न विभागों की स्टालों द्वारा विभाग से संबंधित जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उस बारे आमजन को जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। इस यात्रा से यह तय किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत, बिजली, आवास, रोजगार योजना बारे में आमजन को विस्तार से जानकारी और लाभ देना है।

यह यात्रा 25 जनवरी 2024 तक प्रदेश के हर गांव व हर शहर से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी ताकि उनके स्कीमों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे इनका लाभ उठा सकें। इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों का फीडबैक भी लिया जा रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रणधीर पनिहार, खंड विकास अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल, तहसीलदार रामनिवास भादू, यात्रा संयोजक श्याम सुंदर शर्मा, सह-संयोजक सीमा गोदारा, भाजपा नेता जितेंद्र पाहवा, बीजेपी महिला मोर्चा अध्यक्ष रवीना मोडा खेड़ा, गांव सीसवाल सरपंच लक्ष्मी देवी, गांव मोहबतपुर सरपंच ऊषा रानी आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल बेंच प्रेस चैंपियनशिप में डीएचबीवीएन की डीईओ सुमन जांगड़ा ने जीता गोल्ड मेडल

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** पावर लिफ्टिंग इंडिया द्वारा बेंगलुरु में 22 से 26 नवंबर तक आयोजित नेशनल बेंच प्रेस चैंपियनशिप में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में डीईओ के पद पर कार्यरत सुमन जांगड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीत कर हिसार व हरियाणा का नाम रोशन किया है। सुमन जांगड़ा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच व अपनी मेहनत को दिया है। सुमन ने बताया कि नेशनल के बाद वो दिसंबर में ही हैदराबाद में होने वाली इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप की तैयारी में जुट गई हैं।



# 2 दिवसीय बहुजन समाज जागृति यात्रा की शुरुआत



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** बहुजन समाज पार्टी विधानसभा नलवा कार्यालय आज़ाद नगर से 2 दिवसीय बहुजन समाज जागृति यात्रा की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सोरखी ने की। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की नीतियों को जन जन तक पहुंचाना है व प्रदेश में चल रही भाजपा जजपा व पूर्व में कांग्रेस की अनुसूचित जाति पिछड़े समाज व अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता को उजागर करना है। प्रदेश सचिव डॉ. प्रदीप अम्बेडकर ने कहा कि बहुजन समाज जागृति यात्रा से ज़िला हिसार में राजनीतिक परिवर्तन की शुरुआत होगी व इसका असर पूरे प्रदेश में जाएगा। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष रामफल बौद्ध,जिला प्रभारी बलबीर मुंडे, नानक देव प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष गुलाब धीमान, जिला महासचिव संजय महंच, जिला संगठन सचिव सुनील गोरिया,जिला सचिव रविन्द्र रंगा, हरिसिंह बगला, कुलदीप बागड़ी, चंद्रशेखर मिर्जापुर, हलकाध्यक्ष रविंद्र चौहान, हलका उपाध्यक्ष नलवा मुकेश किरतान, हलका महासचिव अनिल रावलवास, हलका कोषाध्यक्ष मुकेश चौधरीवास, प्रीतम गिल, सुनील चौपड़ा, हंसराज मोर, प्रदीप दुग्गट व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नारनौंद हलके में जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष और नारनौंद ब्लॉक प्रभारी दलबीर किरमारा ने शनिवार को कार्यकर्ता सम्मान समारोह में हल्के के गांव में नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने नारनौद हल्के के गाँव सिंधड में शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। इसके साथ नारनौद हल्के के गाँव डाटा, गुराना ढाणी कुम्हारण, मोठ करनैल, मोठ रंगरान, ढाणी अजीमा, ढाणी ब्राह्मणा, राजपुरा, खानपुर, सिंधड, पेटवार, खांडा खेडी और भकलाना में शपथ ग्रहण सम्मान समारोह में भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता किसी भी स्थिति और हालात से लड़ने के लिए तैयार है। इनके मन में एक ही जज्बा है कि सरकार बदलनी है और आम आदमी की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार है, 2024 में प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने का काम करेंगे।

# पोस्टर बनाओ दिव्या ने मारी बाजी



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एड्स जागरूकता हेतू पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता उपमंडल नागरिक अस्पताल के सहयोग से अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा जयप्रकाश, काउंसलर मंजीव व भारत के निर्देशन में आयोजित की गई। एड्स जागरूकता पर बनाए गए पोस्टर्स में कंप्यूटर की छात्रा दिव्या ने प्रथम, मैनेजमेंट की अंकिता ने द्वितीय व कंप्यूटर की मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा श्वेता, निशा, नीतू, नवीन, जावित्री, कल्पना व अनु ने भी प्रशंसनीय पोस्टर्स बनाए। सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डा जयप्रकाश, एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक दिनेश यादव व संयोजिका पारुल शर्मा द्वारा नागरिक अस्पताल की तरफ से पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर एनएसएस के सभी स्वयं सेवकों सहित ग्रुप लीडर निशांत, कौशल्या, निशा भी उपस्थित थी।

# रक्तदान शिविर में एनसीसी कैडेट ने निभाई अहम भूमिका



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** दि इंस्पायर इंडिया के संयोजक विनेश नागपाल के नेतृत्व में टीम इंस्पायर इंडिया व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सातरोड खुर्द के एनसीसी कैडेट्स स्काऊट एंड गाइड व एनएसएस विंग के छात्रों ने मिलकर रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 700 यूनिट से ज्यादा रक्तदान करवाया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्राचार्य जयभगवान, एनसीसी इंचार्ज जे.पी. गिल, रमा रानी, योगिता, योगेश जैन, ज्योति छात्रों के साथ उपस्थित रहे व रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते रहे। रक्तदान महोत्सव के मुख्यातिथि निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता थे। नगर निगम के मेयर गौतम सरदाना व डिप्टी मेयर रणबीर गंगवा के सुपुत्र संजीव गंगवा व गणमान्य व्यक्तियों ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

# मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जय कुमार शर्मा ने झटके दो गोल्ड मेडल

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित 32वीं हरियाणा मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में मेला ग्राउंड सेक्टर 21 निवासी 61 वर्षीय मास्टर एथलीट जयकुमार शर्मा ने अपनी खेल कौशल का बेजोड़ प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दो गोल्ड मेडल सहित तीन मेडल अपने नाम किए। जयकुमार शर्मा ने 800 मीटर व 400 मीटर बाधा दौड़ में गोल्ड मेडल और 400 मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार, गांव व शहर का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के आधार पर इनका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है जो 8 से 11 फरवरी 2024 को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। जय कुमार शर्मा मूल रूप से चरखी दादरी के गांव सावंड़ निवासी हैं और रिटायर्ड एसडीओ हैं। इन्होंने अब तक राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 80 से ज्यादा पदक प्राप्त किए हैं। इस प्रतियोगिता से पहले फरवरी में गोवा में आयोजित पेसिफिक मास्टर एथलेटिक्स इंडिया - 2023 प्रतियोगिता में भी 4 गोल्ड सहित कुल 5 मेडल प्राप्त किए थे।



# लुवास में पशु चिकित्सा नेत्र विज्ञान इकाई का उद्घाटन

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** हरियाणा के हिसार में लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय में अब मोतियाबिंद की सर्जरी उन्नत फेको पद्धति से बिना किसी टांके के लेंस लगाकर की जाएगी। शनिवार को कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने पशु चिकित्सा नेत्र विज्ञान इकाई का औपचारिक उद्घाटन किया। पशु चिकित्सा सर्जरी और रेडियोलॉजी विभाग, लुवास में पालतू जानवरों और पशुओं की आंखों के विभिन्न रोगों के उपचार के लिए एक पशु चिकित्सा नेत्र विज्ञान इकाई की स्थापना की गई है।

मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि इस इकाई के स्थापित होने से यहां मोतियाबिंद की सर्जरी उन्नत फेको पद्धति से बिना किसी टांके के लेंस लगाकर की जाएगी। यह हरियाणा में अपनी तरह का पहला मामला है। लुवास के नए परिसर के साथ-साथ पीएएमसी पंचकूला में जानवरों की आंखों के लिए सभी उन्नत बुनियादी ढांचे के साथ एक अलग विशेष इकाई स्थापित की जाएगी। यह विभाग नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अन्य संकायों और पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिए नोडल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। इसके लिए हरियाणा सरकार का पशुपालन विभाग लगभग 3.23 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरएन चौधरी ने कहा कि यह इकाई मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधाओं सहित जानवरों के सामान्य रोगों के निदान और उपचार के लिए आवश्यक नवीनतम नेत्र उपकरणों से सुसज्जित है। इस दौरान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, डॉ. गुलशन नारंग, डॉ. मनोज रोज, डॉ. एसएस ढाका, डॉ. राजेश खुराना, डॉ. पवन कुमार व डॉ. वीएस पंवार आदि मौजूद रहे।



# घटिया कीटनाशक, निम्न क्वालिटी के बीजों के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार जिम्मेदार : कुमारी सैलजा

पाठकपक्ष न्यूज

**चंडीगढ़, 03 दिसंबर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में नरमा कपास के उचित भाव न मिलने के कारण किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक ओर जहां गुलाबी सुंडी से फसल बर्बाद हुई तो दूसरी ओर हालात ये है कि मंडी में नरमा का भाव 4000 से 5000 के बीच है बावजूद इसके इस भाव में भी आढ़ती खरीदने को तैयार नहीं है। प्रदेश की गठबंधन सरकार को नरमा कपास की खरीद सरकारी एजेंसी से तब तक करनी चाहिए जब तक किसान के पास नरमा कपास है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा को उत्तर भारत में प्रमुख कपास उत्पादक प्रदेश में गिना जाता है। इस प्रदेश के हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और भिवानी जिले शामिल है जहां पर हरियाणा का लगभग 70 फीसदी कपास का उत्पादन होता है। इस बार नरमा कपास की 70 प्रतिशत फसल पर गुलाबी सुंडी का हमला हुआ। जिससे किसानों की उम्मीदों पर पानी ही फिर गया। नरमा की फसल तैयार करने के लिए किसानों को कड़ी मेहनत और भारी भरकम खर्च करना पड़ा बावजूद इसके कपास का उचित भाव नहीं मिलने के कारण किसान ठगा सा महसूस कर रहा हैं। इस समय कहने को बाजार में नरमा का भाव 4000 से 5000 के बीच है पर इस भाव में भी आढ़ती खरीदने को तैयार नहीं हो रहा है क्योंकि सरकारी खरीद बंद हो चुकी है और प्राइवेट एजेंसी मनमानी कर रही है। सरकार द्वारा एमएसपी 6380 रुपए निर्धारित किया हुआ है। किसानों को नरमा के उत्पादन पर आए खर्च के मुताबिक यह भाव कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि गुलाबी सुंडी का प्रकोप प्राकृतिक प्रकोप है बावजूद इसके नरमा की नष्ट हुई फसल का सरकार बीमा भी देने को तैयार नहीं है। ऐसे में किसानों पर पड़ी दोहरी मार्ग को लेकर किसान संगठन आए दिन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं इसके बावजूद कपास की खरीद सरकारी समर्थन मूल्य पर नहीं हो रही है। पीड़ित किसानों का कहना है कि उन्होंने कपास की फसल को तैयार करने के लिए खाद बीज व कीटनाशकों इत्यादि का इस्तेमाल किया है जो की घटिया क्वालिटी के होने के कारण उन पर दोहरी मार पड़ी है। उन्होंने कहा कि किसानों को बचाने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए तथा समर्थन मूल्य पर कपास की खरीद करें। किसानों का आरोप है की घटिया कीटनाशक व निम्न क्वालिटी के बीजों के कारण नरमा की फसल नष्ट हुई है। जिसकी केंद्र व प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। किसानों का कहना है कि नरमा के बीजों का उत्पादन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि वह घटिया स्तर के बीजों की सप्लाई न करें।



# गांव शाहपुर से किरतान रोड खस्ताहाल ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर की शिकायत



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** नलवा हलके के गांव किरतान के ग्रामीणों ने गांव को शहर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की खस्ताहालत पर कड़ा रोष जताया है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने सीएम विंडो पर शिकायत कर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि इस सड़क मार्ग को दुरूस्त कराया जाए ताकि ग्रामीणों को परेशानी से छुटकारा मिल सके। ग्रामीण एवं स्टेट यूथ अवार्डी मुकेश किरतान ने बताया कि गांव किरतान से शाहपुर तक की करीब साढ़े छह किलोमीटर की सड़क पिछले लंबे समय से खस्ताहाल है। यह सड़क गांव को शहर से जोड़ती है और इसपर ट्रैफिक भी ज्यादा है, लेकिन बीजेपी के दोनों कार्यकाल में इस सड़क को दोबारा नहीं बनाया गया। करीब चार साल पहले इस सड़क पर तारकोल की पतली से लेयर बिछाई गई थी, जो कुछ समय बाद ही टूट गई। अब हालत यह है कि इस सड़क में जगह जगह गढ्ढे बन गए हैं, जिन्हें ठीक करने के नाम पर केवल पत्थर भर दिए जाते है और उनपर तारकोल तक नहीं डाला जाता। इससे इस सड़क मार्ग से गुजरना वाहन चालकों के लिए भारी परेशानी का सबब बना हुआ है। उन्होंने कहा कि गांव किरतान से सलेमगढ़, मिंगनीखेड़ा, सीसवाला, खारिया को जोड़ने वाली सभी सड़कों का चौडीकरण किया जा चुका है, लेकिन मुख्य सड़क होने के बावजूद इस सड़क की किसी ने सूध तक नहीं ली। उन्होंने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई कि इस खस्ताहाल सड़क को दोबारा से बनवाया जाए ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके और ग्रामीणों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

# अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में निकली गई एड्स जागरूकता रैली, मरीजों को किया जागरूक

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन एमबीबीएस विद्यार्थी, कॉलेज ऑफ़ फिजियोथेरेपी, कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग व एनसीसी कैडेट्स के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के महासचिव जगदीश मित्तल के द्वारा की गई। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा अस्पताल क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों द्वारा लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। 100 से अधिक विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली के जरिए अस्पताल में आए मरीजों और उनके परिजनों को जागरूक किया। इस दौरान ओपीडी से शुरू होकर यह जागरूकता रैली पोस्टर और नारों के साथ लोगों को जागरुक करते हुए पूरे कॉलेज में भ्रमण करते हुए समाप्त हुई।




महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के लिए मेडिसिन विभाग द्वारा टेकचंद सभागार में व्याख्यान का भी आयोजन किया गया जिसमें एड्स के प्रति फैली भ्रांतियों पर कुठाराघात करते हुए सभी को इससे बचाव के उपाय के बारे में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के अंत में एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित की गई विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने की शपथ ली गई। इस दौरान महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महासचिव जगदीश मित्तल ने कहा कि किसी भी बीमारी की जागरूकता उस बीमारी के इलाज और रोकथाम में सबसे कारगर सिद्ध होती है। एनसीसी कैडेट द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल होना उनकी संजीदगी को दर्शाता है तो वही महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिस प्रकार से प्रतिस्पर्धा में भाग लिया वह भी प्रशंसनीय है। महाविद्यालय निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और महासचिव जगदीश मित्तल का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में निदेशक प्रशासन डॉ. आशुतोष शर्मा, एमएस डॉ. राजीव चौहान, डॉ. भारती अरोड़ा, डॉ. आरके गोयल, डॉ. शमशेर मलिक, डॉ. हरेंद्र, डॉ. संदीप राणा, डॉ. दीपक, डॉ. इशिता, डॉ प्रोमिला पांडे, डॉ. निधि अग्रवाल, डॉ. अनुपमा, डॉ. अतुल, डॉ. राजबीर, डॉ. शालू, मुस्कान व सभी अधिकारी, विद्यार्थी और मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

# हमारे रिश्तों के दुश्मन बनते मोबाइल फोन



सोचिए आज क्यों मोबाइल बन रहे रिश्तों में दरार की वजह? कोई माने या न माने, वास्तविकता में मोबाइल के हद से ज्यादा उपयोग से सामाजिक रिश्तों में हम सब की दिक्कतें बढ़ी हैं। आज के समय में एक ही घर में रह रहे लोग एक-दूसरे से बातचीत करने के लिए भी स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लग गए हैं। यही नहीं रोजाना एक साथ बैठकर होने वाली बातचीत और सोशल मीडिया ग्रुप्स पर होने लग गयी है। ऐसे में इन आदतों का सीधा असर आपके रिश्तों पर पड़ रहा है।स्मार्टफोन के इस्तेमाल से दूसरों की भावनाओं को समझना और भी मुश्किल हो जाता है। जब किसी का पूरा ध्यान स्मार्टफोन पर हो तो उसके चेहरे को पढ़ना मुश्किल है। इसका मतलब है कि इस प्रकार की स्थितियाँ आमने-सामने की बातचीत से कमज़ोर होती हैं। सार्थक बातचीत के बिना रिश्ते उतने विकसित नहीं होते। मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली जो नई आदतें बन रही हैं। बतौर समाज हम इस उपकरण की उपयोगिता को समझें और समय और रिश्तों की कीमत पर उसके व्यर्थ इस्तेमाल से बचें ताकि हम अनजाने में हमारे हाथ से फिसलती खुशियों को थाम सकें।

फोन लोगों को आपस में जोड़े रखते हैं और संबंध बनाए रखने में मदद करते हैं। लेकिन कुछ मामलों में वे अवरोध भी बन जाते हैं। किसी के सामने उसके फोन की तारीफ करना और किसी को नीचा दिखाना आजकल की एक बड़ी समस्या बन गया है। सोचिए आज क्यों मोबाइल बन रहे रिश्तों में दरार की वजह? कोई माने या न माने, वास्तविकता में मोबाइल के हद से ज्यादा उपयोग से सामाजिक रिश्तों में हम सब की दिक्कतें बढ़ी हैं। पहले के दौर में जब मोबाइल नहीं था, तो लोगों का आपस में काफी मिलना-जुलना होता था। संवाद का सिलसिला चलता रहता था। लोग एक-दूसरे के दर्द और भावना को समझते थे। साथ ही समस्याओं के निपटारे के लिए प्रयास करते थे। अब मोबाइल के आगमन के बाद बातें तो काफी हो रही हैं, लेकिन दिलों के बीच की दूरियां काफी बढ़ गई हैं। लोगों के बीच उचित संवाद नहीं हो पा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं का जाल बढ़ रहा है और रिश्तों की बुनियाद कमजोर पड़ती जा रही है। आज के समय में एक ही घर में रह रहे लोग एक-दूसरे से बातचीत करने के लिए भी स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लग गए हैं।

यही नहीं रोजाना एक साथ बैठकर होने वाली बातचीत और सोशल मीडिया ग्रुप्स पर होने लग गयी है। ऐसे में इन आदतों का सीधा असर आपके रिश्तों पर पड़ रहा है। मोबाइल फोन के अनुचित उपयोग के कारण आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाने वाली जो नई आदतें बन रही हैं, उनमें फबिंग भी शामिल है। स्मार्ट फोन पर चिपके रहने के कारण जब आप अपने करीबी रिश्ते को इग्नोर करते हैं, तो उसे फबिंग कहा जाता है। फबिंग एक ऐसा शब्द है जो स्मार्टफोन की लत से जुड़ा है। यह शब्द फोन और स्नबिंग से मिलकर बना है। स्नबिंग का मतलब होता है अनादर करना या फिर अनदेखी करना। स्मार्टफोन के इस्तेमाल से दूसरों की भावनाओं को समझना और भी मुश्किल हो जाता है । जब किसी का पूरा ध्यान स्मार्टफोन पर हो तो उसके चेहरे को पढ़ना मुश्किल है। इसका मतलब है कि इस प्रकार की स्थितियाँ आमने-सामने की बातचीत से कमज़ोर होती हैं। सार्थक बातचीत के बिना रिश्ते उतने विकसित नहीं होते। आज के दौर में मोबाइल से बढ़ता लगाव पारिवारिक रिश्तों में दरार पैदा कर रहा है।

पति- पत्नी के रिश्तों में मोबाइल प्यार नही बल्कि कलह पैदा करने लगा है। महिला आयोग के अनुसार पारिवारिक कलह के करीब 75 परसेंट केसेज का कारण मोबाइल रहा है। मोबाइल के कारण पति-पत्ेनी के बीच गलतफहमी, मनमुटाव, लड़ाई-झगड़ा हुआ और मामला तलाक तक जा पहुंचता है। टेक्नोलॉजी हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। लेकिन इसका लगातार इस्तेमाल ना सिर्फ आपकी मेंटल हेल्थ को बिगाड़ रहा है, बल्कि आपके पार्टनर और रिश्तेदारों को भी आप से दूर कर रहा है। आज के युग डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी हमारी रोजमर्रा की लाइफ का एक अहम हिस्सा बन चुका है। यहां तक कि हम हमारे स्मार्टफोन से लेकर सोशल मीडिया और वीडियो कॉल तक अपने करीबियों से जुड़े रहने पर काफी भरोसा करने लगे हैं। एडवांस टेक्नोलॉजी ने हमारे करीबियों के साथ जुड़ना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना दिया है। मोबाइल फोन के आने से जहां जिंदगी आसान हुई है वहीं कुछ मामलों में इसने नुकसान पहुंचाने का भी काम किया है।

दरअसल पहले जहां यह एक जरूरत थी वहीं अब ये जरूरत के साथ लत बन चुकी है। ऐसी लत जिसके बिना लोगों का एक पल गुजारना भी मुश्किल हो गया है। ये लत अब रिलेशनशिप में भी दरार की वजह बन रही है। अक्सर देखा जाता है कि ज्यादातर लोग अपनी डिवाइस में इस कदर उलझे रहते हैं कि वो दूसरों के साथ बेहतरीन पलों को एंजॉय तक नहीं कर पाते। ऐसे में स्थिति कभी न कभी इतनी बिगड़ जाती है कि रिश्ते में एक दूसरे के बीच गलतफहमियां पनपने लगती हैं। वहीं लगातार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल आपकी मेंटल हेल्थ को भी नुकसान पहुंचा सकता है। आज के समय में जब सोशल मीडिया और फोन ही सब कुछ है लोग एक मिनट भी उससे दूर नहीं रह सकते हैं। लोग किसी से मिलते समय भी फोन पर देखते रहते हैं या सोशल मीडिया पर स्क्रोल करते रहते हैं। उन्हें सामने वाले से ज्यादा जरूरी फोन पर बात करना लगता है। इस व्यवहार को अपमानजनक के रूप में देखा जा सकता है। इससे आप अपने पार्टनर से दूर हो सकते हैं और रिश्ता टूटने की कगार पर आ सकता है।

इस बात को सुनश्चित करने के लिए कि आपका रिश्ता पहले की तरह बरकरार रहे, आपको अपने इलेक्ट्रानिक डिवाइसेस से जब भी जरूरत हो तब छोटे-छोटे ब्रेक यानी डिजिटल डिटॉक्स जरूर करने चाहिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक एक डिजिटल डिटॉक्स से आपके रिश्ते और सेहत दोनों सुधर सकते हैं। इस समस्या से बचने के लिए आपको जरूरी बातचीत, घर या परिवार के सदस्यों के साथ बैठने या व्यक्तिगत बातचीत के दौरान फोन का इस्तेमाल कम से कम करना चाहिए। अपने लोगों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने में भी फोन बाधा नही बनना चाहिए। स्मार्टफोन के इस्तेमाल का समय निर्धारित करें और अपने वर्तमान पर ज्यादा ध्यान देने की कोशिश करें। आपके आसपास क्या घट रहा है इसकी जानकारी फोन के माध्यम से होने के बजाय आपको सीधे होनी चाहिए। स्मार्टफोन के इस्तेमाल का समय कम करने और लोगों से सीधे कनेक्ट होने की कोशिश ज्यादा करें। ऐसा करने से आप दोनों चीजों को मैनेज कर पाएंगे। स्मार्टफोन या सोशल मीडिया पर बने दोस्तों और आपके आसपास के दोस्तों के लिए समय निकालने में संतुलन रखें।

लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश जरूर करें की आप उन पर कितना भरोसा करते हैं।स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के इस्तेमाल के साथ आपको यह समझने की जरूरत है की आपके रिश्ते इससे कहीं ज्यादा जरूरी और ज्यादा मायने रखते हैं। रिश्तों में तनाव या दूरी बनने से आपकी जिंदगी पर गहरा असर पड़ सकता है। आजकल मोबाइल फोन सड़क पर मौत की पहली वजह भी बनते जा रहे हैं। साथ ही रिश्तों को बिगाड़ने की एक प्रमुख वजह भी। एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताने की जगह लोग अपने वर्चुअल फ्रेंड्स को मैसेज देने में व्यस्त रहते हैं। बतौर समाज हम इस उपकरण की उपयोगिता को समझें और समय और रिश्तों की कीमत पर उसके व्यर्थ इस्तेमाल से बचें ताकि हम अनजाने में हमारे हाथ से फिसलती खुशियों को थाम सकें।

**-प्रियंका सौरभ**
**रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस,**
**कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार,**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के नाम पर भाजपा कर रही सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग : खोवाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि तमाम सरकारी उपक्रमों को भाजपा अपने प्रचार-प्रसार के लिए झोंक रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी अपने एजेंडे के तहत चुनाव प्रचार करने के लिए सरकारी अधिकारी, राजकीय विद्यालय परिसर, सरकारी प्रिंसिपल, शिक्षक, स्टाफ व विद्यार्थियों का इस्तेमाल कर रही है।

लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा अपने मंत्रियों व विधायकों के नेतृत्व में सरकारी विद्यालयों को राजनीतिक आयोजनों के लिए प्रयोग कर रही है। इतना ही नहीं बहुत से सरकारी संस्थानों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रचार के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट मंथन कर रहा है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि पार्टी के प्रचार के लिए भाजपा को सरकारी की अपेक्षा व्यक्तिगत संसाधनों का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भाजपा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के नाम पर सरकारी खर्चे पर कई रथों का निर्माण करवाया है। इन रथों का उद्देश्य अप्रत्यक्ष रूप से पार्टी का प्रचार करना ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा दावा करती है कि इन यात्राओं के माध्यम से जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा जबकि वास्तविकता तो यह है कि भाजपा ने हमेशा जनविरोधी नीतियां ही लागू की हैं।

हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा के कई मंत्री जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करके भी जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। भाजपा नेता दावा करते हैं कि इन यात्राओं व जनसंवाद कार्यक्रमों में जनता की समस्याओं का समाधान किया जाता है। इसके विपरीत इन कार्यक्रमों में आम आदमी की सुनने वाला कोई मौजूद ही नहीं होता और न ही किसी समस्या का समाधान होता है। ऐसे सभी कार्यक्रम केवल पार्टी को सुर्खियों में लाने का माध्यम भर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता दावा करते हैं कि सरकार राशन कार्ड व पेंशन बनवाने की योजना पर काम कर रही है। असलियत तो यह है कि भाजपा ने मनमानी करते हुए और मनमर्जी की आय दिखाकर लाखों लोगों के राशन कार्ड काट दिए और लाखों पात्र लोगों की पेंशन बंद कर दी है। ऐसे पीड़ित लोग अब न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को ऐसी गलत नीतियों का खामियाजा आने वाले लोकसभा चुनाव व हरियाणा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

## सरकार में भाजपा नेताओं को भी देनी पड़ रही घूस : सिहाग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** प्रदेश में भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस को लेकर भाजपा-जजपा सरकार द्वारा किए जा रहे दावों की पोल खुलकर सामने आ गई है। स्वयं भाजपा नेताओं को भी काम करवाने के लिए घूस देनी पड़ रही है। यह बात आज कांग्रेस के जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने एक बयान जारी कर कही। बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता द्वारा अपने काम के लिए तहसीलदार कार्यालय में एसी लगवाना और उसके बाद भी काम नहीं होने से साफ है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार कम होने की बजाय लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण यह भी साफ हो गया है कि अफसरशाही पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है।

कांग्रेस जिला प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा कि जब भाजपा नेता को काम निकलवाने के लिए घूस देनी पड़े तो इससे आम आदमी की हालत का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## एडीजीपी ने कार्यालय में प्राप्त 727 शिकायतों का लिया फीडबैक, 61.2 प्रतिशत फरियादी हैं संतुष्ट

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** श्री श्रीकांत जाधव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, हिसार मंडल ने अपने कार्यालय में मंडल के पांचो जिलों से प्राप्त शिकायतों व उन पर की गई कार्रवाई बारे फीडबैक लिया। उन्होंने शिकायतों पर समय सीमा मे की गई कार्रवाई व फरियादियों द्वारा कार्रवाई से सन्तुष्टि बारे लिये गये फीडबैक बारे किए गए कार्यों की समीक्षा की । समीक्षा दौरान पाया गया कि हिसार मंडल कार्यालय में माह नवंबर/2023 मे 263 फरियादियों ने व्यक्तिगत रूप से एडीजीपी हिसार मंडल से मिलकर अपनी शिकायत दी । इस कार्यालय मे 234 शिकायतें डाक द्वारा प्राप्त हुई, गृह मंत्री हरियाणा, सीएम विंडो, पीएम विंडो से 184 शिकायतें प्राप्त हुई व डीजीपी एवं अन्य उच्च अधिकारियों से 46 शिकायतें प्राप्त हुई है।

प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेकर एडीजीपी ने सच्चाई जानने व तुरन्त एवं प्रभावी कार्रवाई बारे संबंधित पुलिस अधीक्षकों को लिखा गया था। इस संबंध मे पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई बारे एडीजीपी कार्यालय में गठित फीडबैक शाखा द्वारा शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर पुलिस कार्रवाई, संतुष्टि बारे फीडबैक लिया गया है। फीडबैक शाखा ने सभी फरियादियों के सम्पर्क सूत्र पर फोन मिलाया, 543 लोगों से सम्पर्क हुआ। फीडबैक के दौरान 332 लोगों ने पुलिस कार्रवाई पर संतोष जाहिर किया। समीक्षा मे फरियादियों की संतुष्टि का आंकडा 61.4 प्रतिशत है। हिसार मंडल के सभी 58 थानों में मिली शिकायतों पर स्थानीय पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही बारे भी समीक्षा की गई व फरियादियों से कार्रवाही बारे भी फीडबैक लिया गया। हिसार मंडल के पांचों जिलों के सभी थानों में कुल 5250 शिकायते प्राप्त हुई थी जिनमें से 3893 फरियादियों से संपर्क करके फीडबैक लिया गया। प्राप्त फीडबैक के अनुसार 71 प्रतिशत फरियादियों ने अपनी संतुष्टि जाहिर की। मंडल के जिला हिसार में 1659 शिकायतें, पुलिस जिला हांसी में 427, जींद में 713, सिरसा में 424, पुलिस जिला डबवाली 317 व जिला फतेहाबाद में 1710 शिकायतें प्राप्त हुई थी। एडीजीपी ने मंडल के पुलिस अधीक्षको को निर्देश देते हुए कहा कि फरियादी बडी अपेक्षा लेकर आते है उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुने व सच्चाई जानकर उन्हे त्वरित न्याय दिलवाना सुनिश्चित करें। यह पुलिस का प्रथम दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे फरियादी भी आते है जिनकी शिकायतों का वास्ता पुलिस से नहीं होता ऐसे लोगों को भी निराश नहीं लौटाया उनकी सुनकर बतलाए कि शिकायत किस विभाग से संबंधित है उसका सही मार्गदर्शन करना भी नैतिक दायित्व बनता है। उन्होने कहा कि समता, सम्मान व न्याय शान्ति का आधार है।

## देखो मैंने जला लिया है, अपने मन का दीप

### महिला काव्य मंच इकाई हिसार द्वारा ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** महिला काव्य मंच इकाई हिसार द्वारा एक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। महिला काव्य मंच हरियाणा प्रदेश की महासचिव कवयित्री डॉ बबिता किरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। डॉ बबिता किरण ने हिसार इकाई को साहित्य को बढ़ावा देने और नियमित काव्य सरिता बहाने के लिए बधाई दी। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता मंच की अध्यक्ष सीमा शर्मा ने की एवं गोष्ठी में मंच संचालन मंच की उपाध्यक्ष डिंपल सैनी ने किया। गोष्ठी की शुरुआत पूनम मनचंदा ने मधुर स्वरों में माँ वीणापाणि की वंदना से की। कवयित्री डॉ बबिता किरण ने कामना को सजा कर हृदय द्वार पर, आज देखो! हुआ एक अनुबंध है, सुनाकर सब का दिल जीत लिया।कवयित्री डॉ गीतू धवन ने अपनी रचना, देखो मैंने जला लिया है, अपने मन का दीप, बस, अब किसी काम की नहीं,तुम्हारे,सूरज, चांद, सितारों की रोशनी, सुना खूब तालियां पायी। हिसार इकाई की अध्यक्ष कवयित्री सीमा शर्मा ने अपनी बेहतरीन कविता वक्त बदल रहा पल पल और बदल रही कहानी, सदा ना रहती समझ ए मन ये सुंदर जवानी, प्रस्तुत कर सराहना पायी। मंच की महासचिव कवयित्री पूनम मनचंदा ने अपनी ग़ज़ल ÷मुहब्बत ही हो चारसू इस जहां में, सभी अपने दिल से जो नफ़रत मिटा दें, सस्वर सुनाकर महफ़िल में चार चांद लगा दिए। मंच की उपाध्यक्ष कवयित्री डिम्पल सैनी ने, मीराबाई, कबीर और तुलसी ने ये कैसा जीवन का सार समझाया,श्यामपट्ट पर चॉक की सफेदी में भी हमें ईश्वर नज़र आया, सुना समां बांधा। कवयित्री डॉ प्रज्ञा कौशिक ने कोई नासूर न बन, ऐ जख्म, अब तू भर जाता क्यों नहीं, कोई बूंद बारिश की, सींप का मोती, अब बन जाता क्यों नहीं, प्रस्तुत कर मुक्त कंठ से प्रशंसा पायी। कवयित्री एकता कोचर रेलन ने, सुनो निराकार भेज रही हूँ, तुम तक अल्फ़ाज़, नैनों के झरोखों से, सुनाकर सभी में मनोहर भाव जागृत कर दिये।कवयित्री डिम्पल सुंडा की रचना ÷जिंदगी जीने की ख्वाहिश में हर हाल मे मुस्कुरा जाती हूं, है रंगों से महोब्बत तो रंगों की ख्वाहिश कर जाती हूं, को सभी ने खूब सराहा।मंच की सचिव कवयित्री उषा ठकराल ने अपनी सुंदर रचना, इंद्रधनुष के सात रंग,रंगोली के सुंदर रंग, तरुवर की शीतल छैया हलदर का इकलौता हल है माँ, से मां की महिमा का वर्णन किया। कवयित्री स्नेह प्रेमचंद ने विदा होती बेटी पर जो अपना सर्वस्व छोड़ जा रही थी,भावों से भरी कविता कुछ रह तो नहीं गया लाडो? माँ ने विदा होती बेटी से पूछ सुनाई। कवयित्री डॉ अंशुला गर्ग ने संघर्ष ही ज़िंदगी,हर हार के बाद जीत का अद्भुत अहसास, कुछ कर गुजरने की तमन्ना और उसके लिए असीमित जज़्बा, फिर उसे पा लेने की लालसा, हमारे संघर्ष को और मजबूती प्रदान करती है सुना सभी की तारीफ़ पायी। मंच की अध्यक्ष सीमा शर्मा ने काव्य उत्सव में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

## चलो गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक हिसार ने बनाई रणनीति

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक हिसार की मीटिंग ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल की अध्यक्षता में स्थानीय संघ कार्यालय में सम्पन्न हुई। मीटिंग का संचालन ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। मीटिंग में सर्व कर्मचारी संघ की केंद्रीय कमेटी के फैसले के अनुसार चलो गांव की ओर कार्यक्रम पर चर्चा की गई।

मीटिंग को संबोधित करते हुए संघ नेताओं ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक हिसार के तहत आने वाले सभी गांवों में जाकर जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों के साथ मीटिंग करके सरकार की जन विरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार सार्वजनिक ढांचे को बर्बाद कर उसका निजीकरण करने पर तुली ली हुई है। सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है, स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है, जनता महंगाई और युवा बेरोजगारी से त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंपने पर तुली हुई है। उन्होंने बताया कि यदि बिजली निजी हाथों में चली गई तो आम जनता खासकर गरीब किसान को बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध अत्यंत आवश्यक हो गया है।

मीटिंग में हमसा के राज्य प्रधान हितेंद्र सिहाग, सेवानिवृत कर्मचारी संघ के राज्य के पदाधिकारी मनोहर लाल जाखड़, सर्व कर्मचारी संघ के जिला वरिष्ठ उप प्रधान नरेश गौतम, सहसचिव अशोक सैनी, उपप्रधान जयवीर मोर, ब्लॉक के वरिष्ठ उपप्रधान सुनील लाडवा, वित्त सचिव रमेश शर्मा, सहसचिव अरुण यादव, प्रेस सचिव सुरेंद्र चहल, उप प्रधान पवन कुमार (रोडवेज), बीएंडआर के प्रधान सुरजीत सिंह, पब्लिक हेल्थ के कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, सिंचाई विभाग के प्रधान सतीश दनोदा, सचिव राजेश माहिच, सिंचाई विभाग मैकेनिकल के प्रधान विनोद फौजी, सचिव दीपक मेहरा, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी, बिजली यूनिट के प्रधान विजेंद्र पूनिया व मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## राजकीय उच्च विद्यालय मात्रश्याम में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** राजकीय उच्च विद्यालय, मात्रश्याम में आज खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्याध्यापिका निर्मला देवी ने की। प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस, लम्बी कूद, थ्री लैग रेस, चम्मच रेस व रस्सी खींच आदि खेल करवाये गए। प्रतियोगिताओं में छात्र सौरभ, अनुराधा, निशा, सुशील, नेहा, हिमांशी, मुस्कान, कृतिका, वर्षा, खुश्बु, रामदास, जतिन, वरूण व संजना आदि प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर संतोष, रोहतास, मुनीश, मुकेश, सरिता, बलजिन्द्र, सुमन, रमन, पंच जोगेन्द्र, सुनील व शंकर बूरा सहित स्कूली छात्र व गांव वासी उपस्थित रहे।

## सेंट कबीर विद्यालय का 40वां वार्षिक समारोह, पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** सेंट कबीर विद्यालय ने अपना 40वां वार्षिकोत्सव जोश व उत्साह के साथ मनाया । बच्चों ने इस उत्सव में बढ़-चढ़कर रुचि दिखाई । विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया । विद्यालय निदेशिका नेहा सिंह द्वारा अतिथिगण व अभिभावकगण का अभिवादन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत शिव स्तुति की मनमोहक प्रस्तुति से की गई। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरू महतानी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने विद्यालय की



उपलब्धियों का जिक्र किया। छात्र-छात्राओं ने महान संत कवि कबीर दास जी की शिक्षाओं को नाटक के माध्यम से दर्शाया। 'नीना सेव द वर्ल्ड नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति दर्शकों को जागरूक किया गया। अंत में भांगड़ा की शानदार प्रस्तुति ने समा बाँध दिया। इस दौरान अभिभावकों व अध्यापकों ने तालियाँ बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। बोर्ड परीक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मानवी व्यास को 'सिद्धार्थ टॉपर अवॉर्ड से नवाज़ा गया, इसमें मानवी व्यास को गोल्ड मेडल के साथ ₹5000 का कैश अवार्ड दिया गया । बोर्ड में विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट और कैश अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया। लक्षिका जावला तथा अर्शदीप सिंह को सर्वश्रेष्ठ लाइब्रेरी रीडर चुना गया। हिमांक सैनी को हेड बॉय तथा रिद्धिमा जैन को हैड गर्ल चुनकर सम्मानित किया गया। एसजीएफआई में चुने जाने पर मानवी व्यास तथा सक्षम को पुरस्कृत किया गया। स्पोर्ट्स में विशेष उपलब्धि के लिए विद्यालय की स्पोर्ट्स टीम का विशेष सम्मान किया गया। अंत में वालंटियरस को उनके स्वैच्छिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय उपप्रधानाचार्या रश्मि प्रभा ने सभी अभिभावकगण, अतिथिगण, विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया । राष्ट्रीय गान द्वारा समारोह का समापन किया गया। प्रधानाचार्या नीरू महतानी ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद व कल्पना सदन ने मारी बाजी







**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** सीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को सदनवार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया जिसमें कक्षा चौथी से नौवीं तक के छात्रों ने अपने-अपने सदन का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में सभी विषयों से प्रतियोगी परीक्षा संबंधी प्रश्नोत्तरों को शामिल किया गया। नॉर्मल,पासिंग व रैपिड फायर आदि राउंड के माध्यम से क्विज का मुकाबला काफी रोचक कांटे का रहा। प्रत्येक सदन की टीम ने काफी उत्साह से इसमें भाग लिया व अपने सदन को जीत दिलाने के लिए पुरजोर प्रयास किया । दर्शक छात्रों ने भी सही उत्तर देकर ईनाम पाने के लिए काफी उत्साह दिखाया ।काफी मशक्कत के बाद सीनियर वर्ग में स्वामी विवेकानंद सदन व जूनियर वर्ग में कल्पना चावला सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।सभी विजेता छात्रों नैंसी, एंजल, पूर्वी, अश्विन,शान, दुष्यंत, रितेश, मानसी, शिक्षा, कनिका, दीपांशु, तविश, आदित्य,यशवीर ,यशिका, नमन ,सुहानी, तन्वी, दिव्या, प्रतीक व नैंसी को ट्रॉफी व विजेता सदन को महान क्रिकेटर अजय जडेजा द्वारा दी गई स्पेशल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या प्रवेश ढुल व एकेडमिक हेड ने छात्रों की टीम भावना व सदन प्रभारी की कार्यशैली की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सभी कोऑर्डिनेटर व स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूल की गुरुजन ने बदली तस्वीर : संजू यादव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 3 दिसम्बर :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणा कलां में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ. टीसी यादव प्रसिद्ध समाजसेवी चेयरमैन स्काईलार्क ग्रुप दिल्ली रहे,कार्यक्रम के संयोजक नेकीराम यादव,अध्यक्षता सुमन कुमारी क्लस्टर मुखिया, विशिष्ठ अतिथि के तौर पर अंजुला दहिया प्राचार्य ढाणा खुर्द,नरेश यादव प्राचार्य राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बास रहे ,गांव के सरपंच भूप सिंह सैनी रहे। स्कूल की बारहवीं टॉपर रही छात्रा संजू यादव ने बताया कि हमारा ढाणा कलां का सरकारी स्कूल एक साल पहले तक आम सामान्य स्कूल था लेकिन पिछले साल ट्रांसफर होकर आए गुरुजन द्वारा योगी अनूप नाथ के नेतृत्व में की गई मेहनत और समर्पण ने स्कूल को यूनिक बना दिया स्कूल में सीसीटीवी कैमरे,वाटर कूलर,खेल का मैदान, लाइब्रेरी, वाईफाई स्मार्ट बोर्ड , बच्चो को बैठने के लिए ड्यूल डेस्क,कंप्यूटर लैब न जाने कितने कार्यों के साथ साथ वर्षो से खंडहर लग रहे स्कूल को अग्रणी पंक्ति में ला कर रख दिया। उन्होंने प्राचार्य योगी अनूप नाथ की सोच और जज्बे को प्रणाम करते हुए कहा कि इन्होंने हमे शिक्षा के साथ साथ



आध्यात्म,ध्यान,योग का जो ज्ञान दिया, उसी की बदौलत 95 प्रतिशत अंकों को लाने में कामयाबी मिली। शिक्षा के साथ साथ खेलो में राष्ट्रीय और प्रांत स्तर पर गोल्ड लाना इस स्कूल की विशेष उपलब्धि रही।

डॉ. टीसी राव ने बच्चों को प्रेरणा देते हुए जीवन में जीत कैसे हासिल हो उसके टिप्स दिए, और स्कूल में खेलो को बढ़ावा देते हुए हाकी ग्राउंड के साथ साथ कबड्डी के मैट और स्कूल लाइब्रेरी के लिए पुस्तके उपहार स्वरूप प्रदान की। कार्यक्रम के संयोजक नेकीराम यादव वरिष्ठ समाजसेवी ने अपनी प्रतिभा को निखार कर उच्च बुलंदियों को कैसे छुए और गांव का नाम रोशन करने की प्रेरणा बच्चो को दी और स्कूल में पीने के पानी की टंकी उपहार स्वरूप प्रदान की। दिल्ली सरकारी स्कूल में कार्यरत प्राचार्य प्रवीन यादव ने स्कूल व्यवस्था की सराहना करते हुए इस स्कूल के बच्चो के टॅलेंट को दिल्ली स्तर का बताया और छात्राओं से आह्वान किया कि बोर्ड मेरिट लाकर दिल्ली में स्थापित प्रसिद्ध विश्वविद्यालय में दाखिला ले कर बड़े मुकाम को हासिल करें। गांव के सरपंच भूप सिंह सैनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्कूल परिवार के मुखिया योगी अनूप नाथ ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सारी सफलता का श्रेय स्कूल स्टाफ, विधार्थी, अभिभावक, शिक्षा अधिकारी एवम ग्राम वासियों को दिया। विशेष रूप से गांव के सरपंच भूप सिंह सैनी का उन्होंने आभार व्यक्त किया।

मंच संचालन सुशीला यादव ने किया मौके पर विजय सैनी, रंगीराम यादव, हरिंदर सैनी, सुभाष दहिया, हरिंदर यादव, अमृत सोनी, धर्मेंद्र शर्मा, सतबीर नंबरदार, एसएमसी प्रधान गुलाब सिंह,सज्जन कुमार,सुरेंद्र सहरावत, सरोज बाला, उषा बजाज, शीतल नागपाल, बबिता स्वामी, राम प्रकाश, चेतन प्रकाश, शारदा यादव सहित अभिभावक व गांव के सैकड़ों महिला पुरुष व स्कूल के अवॉर्ड प्राप्त करने वाले बच्चे मौजूद रहे।

# शैलेंद्र कुंडू अध्यक्ष व विनोद कुमार बने सचिव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की आदमपुर सब डिवीजन की बैठक आदमपुर सबडिवीजन के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता सब डिवीजन अध्यक्ष सुशील चाहर ने की। बैठक में आदमपुर सबडिवीजन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव व संगठनकर्ता विक्रम श्योराण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से सब डिवीजन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें शैलेंद्र कुंडू को अध्यक्ष, विनोद कुमार को सचिव, कृष्ण कुमार एसए उपाध्यक्ष, जितेंद्र एसए कोषाध्यक्ष, विकास कुमार एएलएम सह सचिव, मनदीप एसए सह कोषाध्यक्ष, सतपाल एएलएम व राजेश एएलएम संगठनकर्ता व अनूप प्रेस सचिव चुने गए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव व संगठनकर्ता विक्रम श्योराण ने सभी अनुबंधित कर्मचारियों से 5 दिसंबर को हिसार में किए जाने वाले विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के बाद अनुबंधित कर्मचारियों की मांगों को लेकर मुख्य अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा ही एक अकेला ऐसा संगठन है जो अनुबंधित कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव पवन गूंदली, संगठनकर्ता ताराचंद बेनीवाल व कार्यकारिणी सदस्य सुरेश धीर ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा।

# भाजपा प्रदेश सचिव के गंगवा बस स्टैंड स्थित कार्यालय मे बंटे लड्डू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** पांच राज्यों के चुनाव में जनता का अपार समर्थन भाजपा को मिला है, जिसके कारण भाजपा को प्रचंड जीत हासिल हुई। इस ऐतिहासिक जीत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों का एक बार फिर डंका बज गया है। यह बात आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश सचिव संदीप गंगवा मेडिकल वाला ने राजस्थान और मध्य प्रदेश मे भाजपा की जीत पर गंगवा बस स्टैंड स्थित अपने कार्यालय श्री मेडिकल स्टोर पर लड्डू बांटने के दौरान कही।



आज सुबह जैसे ही राजस्थान व मध्य प्रदेश के रुझान भाजपा के पक्ष मे आने शुरू हुए तो पार्टी कार्यकर्ता एकत्रित होना शुरू हो गए और डोल पर नाचने लगे। इस अवसर पर संदीप गंगवा ने कहा कि इस जीत से तय हो गया है कि केंद्र में भी मोदी सरकार जीत की हैट्रिक लगाने का काम करेगी। इस अवसर पर सुंदर नाई, राजकुमार बिश्नोई, वैद्य छोटू राम दुबेटा, छोटू राम टोकसिया, मनीराम दूधिया गंगवा, धर्मपाल, पवन सैन, महेंद्र जांगडा, जगतपाल गेदर, साधु सोलंकी, महेंद्र पंघाल, प्रभु मंगलाव, रामनिवास मंगलाव, मानसिंह माल वेल्डर सहित अने कार्यकर्ता मौजूद रहे।





डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573





# राघव इंटरनेशनल ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी में 20 राज्यों व कई देशों की पेंटिंग ने दर्शकों को किया आकर्षित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर को समर्पित करते हुए हिसार में टेलेंटिला फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय राघव इंटरनेशनल ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी आयोजित की गई। हिसार के सेक्टर-13 में डाबड़ा चौक पुल के नजदीक स्थित नीरज सदन के सभागार में आयोजित की गई इस ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यातिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, मुख्यातिथि पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रसिद्ध उद्योगपति डॉ. सुभाष चंद्रा व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने किया। इस अवसर पर टेलेंटिला फाउंडेशन की फाउंडर डायरेक्टर प्रसिद्ध चित्रकार अनुराधा खरे व को-फाउंडर डायरेक्टर विनीत खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर मालवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, समाजसेवी पंकज संधीर, प्रसिद्ध पैरा एथलीट एकता भ्याण व शिक्षाविद् शिल्पी राणा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राघव इंटरनेशनल ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी में देश के 20 राज्यों व सिंगापुर, उरुग्वे, स्पेन, क्रोशिया, इजिप्ट, ईरान व मैक्सिको के चित्रकारों की पेंटिंग आकर्षण का केंद्र बनी रही। इतना ही नहीं मुखौटे वाले के नाम से प्रसिद्ध कलाकार संजय भोला धीर द्वारा बनाए गए मुखौटों ने भी दर्शकों को खूब लुभाया। विशेष बात यह रही कि रामायण व श्रीराम के चरित्र से जुड़ी 100 से अधिक पेंटिंग में प्रभु श्रीराम की अद्भुत लीला देखने को मिली।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए राघव पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन करना अपने आप में अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने



कहा कि श्रीराम के व्यक्तित्व से काफी कुछ सीखा जा सकता है। श्रीराम के सदाचार व सहनशीलता के गुणों को अपनाकर इंसान सुखद जीवन व्यतीत कर सकता है। रणबीर गंगवा ने कहा कि श्रीराम की शिक्षाओं को अपनाकर समाज में सद्व्यवहार करना चाहिए।

प्रदर्शनी के दौरान मुख्यातिथि डॉ. सुभाष चंद्रा ने कहा कि श्रीराम के मंदिर तो बहुत देखने में मिल जाते हैं लेकिन उनसे संबंधित चित्रकला प्रदर्शनी विरले ही देखने को मिलती है। उन्होंने टेलेंटिला फाउंडेशन को इस ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी के लिए बधाई देते हुए कहा कि श्रीराम के गुणों को अपनाना चाहिए। जहां आज के दौर में छोटी-छोटी बातों पर भाई-भाई का दुश्मन हो जाता है, वहीं श्रीराम के त्याग व समर्पण से काफी कुछ सीखा जा सकता है।

प्रदर्शनी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने कहा कि श्रीराम के जीवन से हमें सहनशीलता, धैर्य, दयालुता व शिष्टाचार की शिक्षा तो मिलती ही है, इसके साथ-साथ त्याग व समर्पण भाव भी देखने को मिलता है। इसलिए श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करते हुए हमें मर्यादित जीवन अपनाना चाहिए।




**देश-विदेश के कलाकारों के चित्र व कलाकृतियों का किया प्रदर्शन**

अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में देश-विदेश के कलाकार संजय भोला धीर, हीरालाल गोहिल, अनुराधा गुप्ता, सरदार जसप्रीत मोहन सिंह, वर्षा एस बरुआ, सोनिया राणा, अजय कुमार, रमा अतुल चौबे, मोनिका ढींगरा, डॉ. वर्षा सिंगल, अनुराग मौर्या, सोनल वी सक्सेना, इशिता रामप्रसाद, संजय पटनायक, झरना पंडित, विनय जोशी व मृणाल दत्त के चित्र व कलाकृतियां प्रदर्शित की गई। इनके अलावा सिंगापुर, उरुग्वे, स्पेन, क्रोशिया, इजिप्ट, ईरान व मैक्सिको के चित्रकारों की पेंटिंग ने भी काफी आकर्षित किया। श्रीराम पर आधारित पेंटिंग व कलाकृतियां देखकर दर्शक अभिभूत हो गए।

# हमारा प्यार हिसार ने पेंटिंग अभियान के साथ की सर्दियों के मौसम की शुरुआत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** दिसंबर माह के आगमन के साथ ही सर्दियों के मौसम की शुरुआत हो गई है। ऐसी ही रविवार की सर्द सुबह में आज हमारा प्यार हिसार की टीम ने सब्ज़ी मंडी फ़्लाई ओवर के नीचे पिलरों पर सुंदर कलाकृतियाँ बनाने का अपना सिलसिला जारी रखा।आज के अभियान में डॉ सुरेन्द्र गर्ग, प्रो हरीश भाटिया, डॉ. राज वर्मा, कमल भाटिया, जितेन्द्र बंसल, गगन मेहता, रश्मि मेहता, हीना गोयल, पूजा यादव, जितेन्द्र सैनी, दिनेश बंसल, संजय मारवाड़ी, हरदीप खुराना, नमित, लक्ष्य, अनुराग परवाल, पूर्वी बंसल, योगिता, सोनू, इप्शिता, रिमचा, पारस व निश्चय ने भाग लिया।


AC
LLOYD Whirlpool VOLTAS
IFB orient HITACHI Inspire the Next Haier
0% Interest बिना ब्याज के
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
सबसे आकर्षक Rate !
सबसे आकर्षक Offers !
SINGLA ELECTRONICS
BETWEEN PARIJAT CHOWK AND NAGORI GATE, HISAR
M.: 94666-83396, 98136-62313

# सेक्स एक्सपोज़र, एजुकेशन जरूरी : डॉ. मुंजाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** भारत में सोशल मीडिया पर सेक्स का ज्यादा एक्सपोज़र जिंता का विषय बन गया है और चर्चा होने लगी है कि इसे रोकना तो अब मुश्किल है परंतु यदि सेक्स एजुकेशन अनिवार्य कर दी जाए तो इसका समाधान हो सकता है। इस विषय पर दैनिक पाठक पक्ष ने मशहूर सेक्सोलॉजिस्ट डॉ. प्रेम मुंजाल से बात की है। उनका कहना है कि आठवीं कक्षा (12 वर्ष की आयु)से सेक्स एजुकेशन शुरू हो जानी चाहिए। आजकल सोशल मीडिया पर परोसा जा रहा सेक्स असलियत से परे है और अवधि तथा साइज के बारे में गलत धारणाएं व भ्रांतियां पैदा कर रहा है।

विवाह से पहले विशेषज्ञ की काउंसलिंग बहुत सही रहती है। खजुराहो की मूर्तियां सेक्स एजुकेशन का हिस्सा हैं। भारतीय मोनोगेमी प्रणाली बेस्ट है जिसमें एक पति और एक पत्नी का विधान है। स्वस्थ व नैतिक सेक्स के लिए यह जरूरी है।

**(यह समाचार विस्तार से देखें फेसबुक के Pathak Paksh पेज पर)**

# दर्दनाक : सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हुई मौत

## सरसाना बालसमंद के बीच कार ने मारी टक्कर, चार महीने की बच्ची सुरक्षित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** हिसार के सरसाना बालसमंद के बीच सड़क हादसे में बाइक सवार 38 वर्षीय व्यक्ति व उसकी पत्नी व बेटी की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया मिली। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम सत्यवान है सरसाना गांव का रहने वाला था। वहीं उनकी पत्नी रेखा और बेटी सौम्या है। वहीं सड़क हादसे में 4 महीने की लड़की सुरक्षित है। मृतक सत्यवान अपनी चार महीने की बच्ची को दवाई दिलाकर बाइक पर पत्नी व ढाई साल की बेटी सौम्या के साथ बालसमंद से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मार दी। मृतक के परिजन परिजन चंद्रभान ने बताया कि सत्यवान तीन भाई है। तीनों भाइयों की शादी हो चुकी है। सत्यवान मजदूरी करने का काम करता था। शनिवार को वह मजदूरी करने के लिए गया था इसी बीच बीच में अपने चार महीने की बेटी को दवाई दिलाने के लिए अपनी पत्नी और दोनों बेटी को लेकर बाइक पर बालसमंद अस्पताल में गया। बेटी को दवाई दिलाकर चारों एक बाइक पर आ रहे थे इसी दौरान रास्ते में तेज गति से आ रही कर ने टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में बाइक चालक सत्यवान और ढाई साल की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं घायल पत्नी रेखा को राहगीरों ने हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई वही कर और बाइक की टक्कर में 4 महीने की लड़की झाड़ियां से उछाल कर रेत के टिब्बे मे जा गिरी। जिससे कोई चोट नहीं आई है। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बालसमंद चौकी पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचवा दिया वहीं गाड़ी चालक गोरछी गांव का बताया जा रहा है।

# पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ग्राम विकास योजना के अंतर्गत गांव खांडा खेड़ी को मिला पुस्तकालय




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए गांव खांडा खेड़ी (हिसार) में पीएनबी विकास योजना के अंतर्गत एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय हिसार की मंडल प्रमुख अंजु मित्तल ने गांव खांडा खेड़ी के आर्य समाज मंदिर ट्रस्ट में पुस्तकालय का रिबन काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया और बैंक द्वारा इस पुस्तकालय हेतु किताबें, मेज कुर्सियां, सेफ व अन्य सामान भेंट किया। इस अवसर पर आर्य समाज मंदिर व ग्राम सभा द्वारा मंडल प्रमुख अंजु मित्तल को विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया।

पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय हिसार की मंडल प्रमुख अंजु मित्तल ने पीएनबी विकास योजना के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना बैंक द्वारा अंगीकृत गावों को मॉडल गांव बनाने के लिए शुरू की गई है जिसका लक्ष्य अंगीकृत गांव के आर्थिक विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, डिजिटलीकरण एवं वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर इसके चहुंमुखी विकास पर जोर देना है। आगे उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा देशभर से इस योजना के तहत गोद लिए गए 300 से अधिक गांवों में से मंडल कार्यालय हिसार के अंतर्गत 3 गांव शामिल हैं। बैंक द्वारा इन गोद लिए गए गंवों में समय-समय पर बालिका कल्याण सहित अन्य समाज कल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में गांव के गणमान्य व्यक्ति, मंडल कार्यालय हिसार से वरिष्ठ प्रबंधक नरेन्द्र शर्मा, शाखा कार्यालय खांडा खेड़ी से शाखा प्रबंधक श्री श्याम सुन्दर एवं अन्य स्टाफ सदस्य तथा अन्य अन्य ग्रामवासी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# तीन प्रदेशों में जीत का अभिप्राय मोदी लहर : भ्याणा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 3 दिसम्बर :** आज तीन प्रदेशो में जो भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत हुई है, वह यह दर्शाता है कि आज भी प्रदेशों व देश में मोदी की लहर है। वह आज भी मोदी जी की नीतियों में विश्वास करती है। उक्त वाक्य हरियाणा सरकार में हैफेड के प्रशासक नरेन्द्र भ्याणा ने स्थानीय ग्रीन सिटी, सैक्टर 2 में, श्रद्धेय महेश चन्द्र भ्याना मैमोरियल पार्क में कहे। नरेन्द्र भ्याणा ने कहा कि आज देश में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का अनुसरण करके देश का परम वैभव की तरफ ले जा रहे है, आज सारे विश्व में मोदी जी को सारे नेता विश्व नेता के नाम से पुकारते है, जो भारतीयों के लिए गर्व व गौरव की बात है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हिसार जिला के भाजपा उप-प्रधान अशोक कनौजिया ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उप-प्रधान व हरियाणा सरकार में व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अशोक कनौजिया ने कहा कि तीन प्रदेशा में भाजपा की जीत जनता की जीत है, भाजपा के कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की, जिसके फलस्वरूप यह तीनों जीते हासिल हुई है।

मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राजपाल यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा की जीत, नीतियों एवं ईमानदारी की जीत है। जहां हर कार्यकर्ता अपने पूरे समर्पण से कार्य करता है तभी भाजपा अपना परचम फहराती है।

इस अवसर पर ग्रीन सिटी, सैक्टर 2, के निदेशक सौरभ कथूरिया, लवकेश भ्याना, प्रवीन सिंगला, कुलदीप हिन्दुस्तानी, कृष्ण ऐलावाधी, चाहत भ्याणा, पवन सैनी, प्रिंस ठकराल, जोगेन्द्र भ्याणा, विक्रम ठाकुर, राजा ढाणा खुर्द, सूने, लक्की भ्याणा, जगमोहन सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बिजली के तीनों निगमों में अब तक नहीं हुई पदोन्नति, कर्मचारी यूनियन ने जताया रोष

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** अनुसूचित जाति एवं जनजाति और पिछड़ा वर्ग बिजली विभाग कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों की एक आपात मीटिंग रविवार को यूनियन के राज्य ऑडिटर राज कुमार माहला की अध्यक्षता में विद्युत सदन के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में बिजली विभाग की चारों कॉर्पोरेशन में प्रथम श्रेणी से तृतीय श्रेणी के प्रमोशन में आरक्षण के द्वारा पदोनति करने के बारें में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विभाग की तीनों निगमों में अभी तक भी कोई प्रमोशन न करने के कारण कर्मचारियों व अधिकारियों में भारी रोष है। प्रमोशन को लेकर तीनों विभागों के एमडी को मांग पत्र दिए हुए एक महीना हो गया है, परंतु कोई भी प्रमोशन नही की गई है। इसके साथ ही प्रमोशन की मांग को लेकर तीनों विभागों के एमडी से बार बार मिलने के लिए समय मांगने पर भी अभी तक समय नही दिया गया है। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने सरकार और मुख्य सचिव से पुरजोर मांग की कि यूनियन को तीनों एमडी से मीटिंग का समय दिलवाया जाए ताकि सरकार की आरक्षण नीति पर चर्चा करके प्रमोशन करवाई जा सके।

# शहीद भगत सिंह संगठन समिति ने शहीद खुद राम बोस का 134वां जन्मदिन उल्लास से मनाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी 3 दिसम्बर :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण इलावादी की अध्यक्षता में शहीद खुद राम बोस का 134वां जन्म दिन बड़े ही श्रद्धाभाव व उल्लास के साथ मनाया गया और बजरंग आश्रम हांसी में शहीद खुदी राम बोस की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई। कार्यक्रम की देखरेख संगठन के महासचिव किशोरी लाल नागपाल ने की। प्रधान सरदार इलावादी ने कहा कि सभी शहीदो में से सबसे कम उम्र के शहीद खुदी राम बोस थे जिन्होंने मात्र 18 साल की उम्र देश को आजाद करवाने की ललक ने उन्हें फांसी का फंदा चुमने पर विवश कर दिया और फांसी के समय भी इस छोटे से बच्चे के चेहरे पर शिकन तक नही थी। किशोरी नागपाल ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों की कुर्बानी की वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है और सत्ता के झूले झूल रहे है। सरदार हरिन्द्रपाल ने कहा कि उम्र इतनी सी और जज्बा पहाड़ तथा चट्टानों जैसा। धन्य है वो माता जिन्होंने इनको जन्म दिया। महिला प्रधान शमां मल्होत्रा ने कहा कि आज 18 साल के बच्चे मोबाइल से खेल रहे है और खुदी राम बोस जैसे शहीदो की कुर्बानियों की वजह से हमें देश में तिरंगा लहराने को मिला। इस तिरंगे को हम कभी झुकने नही देंगे। इस मौके पर योगाचार्य कपिल शर्मा, विनोद जैन कर्मवीर पुट्ठी, फतेह सिंह गुर्जर, कश्मीरी लाल ग्रोवर, विनोद जैन, डॉ. नन्दकिशोर अरोड़ा, ओ.पी. मुंजाल, कंवल सलूजा, शमां मल्होत्रा, अंकल इलावादी, हमेश खुराना, दयानन्द नागपाल, स. हरिन्द्र पाल, रामस्वरूप खट्टर, संजय बारबर, सुरेन्द्र वधवा, कर्ण सिंह राठौड, प्रो. भरत सिंह, अमरनाथ तहसीलदार, हरीश पपनेजा, सुन्दर पपनेजा, गुलशन अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

# सुन्दर व स्वस्थ राष्ट्र के लिए योग ज़रूरी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान हिसार कार्यकारिणी , योग शिक्षकों एवं साधको की बैठक जिला कार्यालय सावंत हॉस्पिटल हिसार में आज सम्पन्न हुई । सुरेन्द्र हिंदुस्तानी प्रेस प्रवक्ता ने बताया कि योग कक्षाओं में वृद्धि, सोशल योगी तैयार करने , ज़्यादा से ज़्यादा यज्ञो का आयोजन एवं परिवार संस्कार शिविरों के आयोजन को लेकर चंद्रपाल योगी हरियाणा पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि योग करना और कराना सब से पुण्य कार्य है। हमें नित्य योग करना चाहिए और इसका प्रचार प्रसार करते रहना चाहिए तभी हम एक सुंदर व स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। भारत स्वाभिमान हरियाणा के राज्य प्रभारी ईश आर्य ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने योग के साथ साथ स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल पर भी चर्चा की।

# पूर्व सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा ने दिव्यांगजनों को सम्मानित किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में सत्यदेव आर्य एजुकेशनल सोसाइटी व दायित्व फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में दिव्यांगजन प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वाणी एवं श्रवण निशक्त बच्चों ने सुंदर, आकर्षक व मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों से जमकर प्रशंसा प्राप्त की। सत्यदेव आर्य एजुकेशनल सोसाइटी के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राज्य सभा सांसद एवं एस्सेल समूह के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्रा उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्यातिथि व सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल, एस.डी आर्य एजुकेशनल सोसाइटी रजिस्टर्ड एनजीओ के डॉ. अजय आर्य, सीताराम आर्य मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन हिसार की प्रिंसिपल डॉ. हिमानी आर्य, दायित्व फाउंडेशन के निहाल सिंह सैनी द्वारा विशेष उपलब्धियां प्राप्त 80 दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ-साथ दिव्यांगजन सशक्तिकरण की दिशा में काम करते हुए उनके जीवन में सकारात्मक अंतर लाने व अवसर सृजित कराने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे केंद्र के असिस्टेंट डायरेक्टर सुबोध कुमार दुबे सहित केंद्र से जुड़े 20 लोगों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया।

# छात्राओं ने मोक्ष वृद्धाश्रम में केट काटकर बुजुर्गों के साथ मनाया जन्मदिन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 3 दिसम्बर :** बुजुर्गों की समुचित सेवा के प्रति समर्पित मोक्ष वृद्धाश्रम में विद्या देवी जिंदल स्कूल की छात्राओं ने अपना जन्मदिन बुजुर्गों के साथ मनाया। मोक्ष वृद्धाश्रम पहुंची बहुत सी छात्राओं ने केक काटकर बुजुर्गों को खिलाया और उनका आशीर्वाद व स्नेह प्राप्त किया। बुजुर्ग भी छात्राओं से मिले अपनेपन से निहाल हो गए। इस दौरान छात्राओं ने डांस करके बुजुर्गों में उत्साहवर्धन किया। छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि मोक्ष वृद्धाश्रम में उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ मानो वे अपने दादा-दादी या नाना-नानी के घर पहुंच गए हों। सभी बुजुर्गों ने सहृदयता व सद्भाव का परिचय देते हुए खूब अपनापन जताया। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक समाजसेवी पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि बच्चों व परिजनों द्वारा बुजुर्गों के साथ विभिन्न त्योहार व दिवस मनाने से बुजुर्गों में नव ऊर्जा का संचार हो जाता है। इसलिए समय-समय पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी या संस्थाओं के प्रतिनिधि व सदस्य मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं। उल्लेखनीय है कि मोक्ष वृद्धाश्रम में लावारिस, परिवार से बिछड़े व अवसाद के कारण अपने घर से दूर निकल आए बुजुर्गों की समुचित देखभाल की जाती है।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।




